


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 228

ग्वालियर, रविवार 08 मई 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## बार्डर पार से भारत में घुसने की फिराक में करीब 200 आंतकी

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले सेना ने कश्मीर में बड़ी आतंकी घुसपैठ की आशंका जताई है। नॉर्दन आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी के शुक्रवार को कहा कि आतंकी घुसपैठ की



घटनाओं में काफी तेजी से कमी आई है लेकिन घाटी के उस पार से करीब दो सौ आतंकी घुसपैठ की ताक में हैं। लाइन ऑफ कंट्रोल पर सुरक्षा के संबंध में पूछे गए सवाल में उन्होंने कहा कि एलओसी पर करीब दो सौ आतंकी भारत में घुसपैठ की ताक में हैं। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि घुसपैठ की किसी भी घटना को रोकने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि घुसपैठ को रोकने के लिए रिजर्व पुलिस के जवानों को सेकेंड टायर ऑफ फिफेंस में तैनात किया गया गया ताकि किसी भी तरह की घुसपैठ को रोका जा सके। उन्होंने ये भी कहा कि पिछले बारह महीनों में एलओसी पर सिर्फ दो या तीन बार सीजफायर की घटना हुई है। उन्होंने ये भी बताया कि एलओसी के पार 6 बड़े आंतकी लॉन्च पैड और 29 छोटे आतंकी कैंप हैं। ये सभी आतंकी कैंप पाकिस्तानी सेना के कैंप के पास हैं। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाक सेना पर आतंकियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तानी सेना और खूफिया एजेंसियां इन आंतकियों को हर संभव मदद दे रही है। लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि घुसपैठ ना सिर्फ पहाड़ी इलाकों और जंगल के रास्तों से होती है बल्कि जम्मू से लगे अंतराष्ट्रीय बार्डर के अलावा पंजाब और नेपाल के जरिए भी होती है।

# नवी मुंबई के इंडस्ट्रियल क्षेत्र में भीषण आग की चपेट में आई 8 कंपनियां

**मुंबई।** नवी मुंबई के इंडस्ट्रियल क्षेत्र पवने एमआईडीसी इलाके में शुक्रवार को भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। हालात को काबू में करने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। एक अधिकारी ने कहा कि नवी मुंबई के नजदीक पॉवने औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक रबर कारखाने में भीषण आग लग गई। एक अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र औद्योगिक विकास निगम (एमआईडीसी) क्षेत्र में स्थित इकाई में शाम करीब चार बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की आठ गाड़ियां मौके पर भेजी गई। अधिकारी ने कहा कि आग को बुझाने का अभियान जारी है।



सूत्रों के मुताबिक आग अब तक आठ कंपनियों में फैल चुकी है। कंपनियों के पास केमिकल ड्रम हैं, तो ये ड्रम फट रहे हैं और एक बड़ी आग भड़क रही है। फिलहाल इस भयावह स्थिति पर काबू पाना नामुमकिन है। इसलिए दमकल कर्मी बाहर से ही अपने सभी सिस्टम का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। अग्निशामकों और कंपनी के कर्मचारियों ने कंपनी में फैली आग से कुछ रासायनिक ड्रमों को बहादुरी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की, लेकिन आग को काबू करने के लिए वहां पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की पानी की बौछार बेअसर साबित हो रही है। हालांकि, आग को दूसरी कंपनियों में फैलने से रोकने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। अब तक आग में फंसे चार लोगों को बचा लिया गया है। और भी मजदूर फंसे हैं या नहीं, इसकी जांच की जा रही है। कंपनियों में रखे रसायन से भरे ड्रम के फटने से बार-बार भयानक विस्फोट हो रहे हैं। खास बात यह है कि लगभग सभी कंपनियां काफी करीब हैं और आपस में इनकी दूरी एक से डेढ़ फीट तक भी नहीं है। आशंका जताई जा रही है कि विस्फोट के बाद आग किसी अन्य कंपनी तक भी पहुंच सकती है। आग से कंपनियां जलकर खाक हो गई हैं। आग की वजह से आसमान में धुएं का गुबार उठता दिखाई दे रहा है। ये कई किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहे हैं। धुएं के गुबार ने क्षेत्र में माहौल को धूमिल कर दिया है। दमकलकर्मी आग पर काबू पाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

## जमशेदपुर टाटा स्टील प्लांट में विस्फोट के बाद भीषण आग लगी, कई कर्मचारी घायल

**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर में टाटा स्टील के कोक प्लांट में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। प्लांट में पहले जोरदार धमाका हुआ, उसके बाद आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। आग बुझाने के लिए दमकल की 5 गाड़ियों को लगाया गया है। बताया जा



रहा है कि प्लांट में गैस कटिंग और वेल्डिंग के दौरान गैस लीक होने से यह हादसा हुआ। घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट में लिखा कि जमशेदपुर में टाटा स्टील प्लांट में ब्लास्ट होने की खबर मिली है। जिला प्रशासन के अधिकारी टाटा स्टील प्रबंधन के साथ सामंजस्य बनाकर घायलों के त्वरित इलाज हेतु कार्यवाही में जुटे हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, विस्फोट इतना भयानक था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। धमाके की आवाज सुनकर लोग दहशत में आ गए। इस घटना में एक व्यक्ति के गंभीर रूप से घायल होने की जानकारी मिली है। दो अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि कोक प्लांट के बैट्री नंबर पांच, छह व सात के बीच यह धमाका हुआ है। टाटा स्टील ने एक बयान में बताया कि शनिवार सुबह करीब 10 ।20 बजे कोक प्लांट की बैटरी नंबर 6 की गैस लाइन में एक धमाका हुआ। अभी बैटरी नंबर 6 को बंद कर दिया गया है। उसे अलग करने का काम चल रहा है। बयान में बताया गया कि घटना की जानकारी मिलते ही एंबुलेंस और दमकलें तुरंत मौके पर पहुंच गईं। पूरे इलाके को खाली करा लिया गया है। हालात अब काबू में हैं। बैटरी नंबर पांच, छह, सात की गैस लाइन में जब गैस कटिंग और वेल्डिंग का काम हो रहा था, तभी पाइप लाइन से गैस का रिसाव होने लगा। गैस लाइन में कोक ओवन गैस थी, जिसे कार्बन मोनोआक्साइड भी कहा जाता है।

## एलपीजी दाम बढोतरी पर भड़की कांग्रेस, कहा- वापस हों बढी कीमत, 2014 के स्तर पर लाई जाए

**नई दिल्ली।** देश में आसमान छूती मंहगाई और घरेलू रसोई गैस की कीमत में केंद्र सरकार द्वारा की गई बढ़ोतरी को लेकर कांग्रेस भड़क गई है। कांग्रेस ने कहा कि एलपीजी की बढ़ी कीमतें सरकार



को तुरंत वापस लेनी चाहिए और सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर के दाम को साल 2014 के समय रही कीमत के बराबर लाना चाहिए। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपये की बढ़ोतरी की खबर आने के बाद यह दावा भी किया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले आठ वर्षों में सब्सिडी वाली रसोई गैस के दाम में 585 रुपये की बढ़ोतरी की है और सब्सिडी भी खत्म कर दी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने ट्वीट किया, 'भाजपा मालामाल, जनता बेहाल। भाजपा राज में सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर का दाम ढाई गुना अधिक हो चुका है। रसोई गैस अब मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग की पहुंच से बाहर हो चुकी है।' उनके मुताबिक, मई 2014 में सब्सिडी वाले गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 414 रुपये थी जो आज 999.50 रुपये हो चुकी है, यानी इसमें 585 रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। सुरजेवाला ने सरकार से आग्रह किया, 'सब्सिडी वाली रसोई गैस की कीमत को 2014 के स्तर पर लाया जाए।' कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में गैस सिलेंडर पर माला चढ़ाकर और सब्जियों के समक्ष अगरबत्ती जलाकर महंगाई को लेकर सरकार पर तंज कसा। उनका कहना था कि यह 'सिलेंडर की श्रद्धांजलि सभा' है। खेड़ा ने संवाददाताओं से कहा, 'विदेश दौरे से वापस आते ही साहब (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) ने गैस सिलेंडर की कीमत 50 रुपये बढ़ा दी। कभी मोदी जी ने बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर कहा था कि सब्सिडी को सरेंडर करिये। आज यह हालत देख कर लगता है कि सिलेंडर को ही सरेंडर कर दिया जाए।'

## आंध्र प्रदेश-ओडिशा तट पर चक्रवाती तूफान का खतरा, प्रशासन ने पूरी कीं एहतियाती तैयारियां

**भुवनेश्वर।** दक्षिण अंडमान सागर पर बने निम्न दबाव के क्षेत्र के चक्रवाती तूफान में तब्दील होने और अगले सप्ताह की शुरुआत तक आंध्र प्रदेश-ओडिशा के समुद्र तट तक पहुंचने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण अंडमान सागर और उससे सटे दक्षिण-



पूर्व बंगाल की खाड़ी में मौसम प्रणाली के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और शनिवार तक दबाव के क्षेत्र में बदलने की संभावना है। यह रविवार शाम तक चक्रवाती तूफान में तब्दील हो सकता है। मौसम कार्यालय ने चक्रवाती तूफान के मद्देनजर अगले सप्ताह मंगलवार से शुक्रवार के बीच पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में गरज के साथ छीटें पड़ने तथा भारी बारिश होने की भी चेतावनी दी है। ओडिशा सरकार के अनुसार, मौसम के पूर्वानुमान को देखते हुए आपदा मोचन बल और दमकल सेवाओं को तैयार रहने को कहा गया है। क्षेत्र में पिछली तीन गर्मियों में चक्रवाती तूफान आए थे। ओडिशा में 2021 में 'यास', 2020 में 'अम्फान' और 2019 में 'फानी' तूफान आया था। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने बताया कि निम्न दाब के क्षेत्र के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में दबाव के क्षेत्र में बदलने तथा पूर्वी-मध्य बंगाल की खाड़ी में इसके चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की आशंका है। यह 10 मई तक तट पर पहुंच सकता है।

## पाकिस्तान में भूकंप से 80 मकान ढहे, 200 से अधिक परिवार हुआ बेघर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में 5.2 तीव्रता के भूकंप से खुजदार जिले में कम से कम 80 मकान ढह गए। मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप का केंद्र औरनाजी के पास था और शुक्रवार को दिन में 11 बजकर 55 मिनट पर झटका महसूस किया गया। अधिकारियों ने कहा कि भूकंप करीब आधे मिनट तक महसूस किया गया, जिससे घबराए हुए लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल कर खुले में भागे। बड़े झटकों के बाद थोड़े अंतराल पर कम तीव्रता के झटके महसूस किए गए। खुजदार के उपायुक्त सेवानिवृत्त मेजर इलियास किबजई ने बताया औरनाजी का एक बड़ा क्षेत्र भूकंप से प्रभावित हुआ, जिसमें 80 से अधिक मकान ध्वस्त हो गए, जबकि 260 अन्य मकानों में बड़ी-बड़ी दरारें आ गईं। भूकंप से वाध तहसील के नाल, जमरी, बारंग और नाचकन सोनारो लाठी गांवों में भी मकानों को नुकसान पहुंचा है। किबजई ने कहा भूकंप से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है क्योंकि अधिकतर लोग अपने-अपने घरों के बाहर काम में व्यस्त थे। जो लोग अंदर थे वे शुरुआती झटके के बाद अपने घरों से बाहर निकल गए। उन्होंने कहा कि मकान ढहने से 200 से अधिक परिवार बेघर हो गए। भूकंप की सूचना मिलने के तुरंत बाद, भूकंप प्रभावित लोगों के लिए राहत सामग्री भेजी गई। किबजई ने बताया कि पहाड़ी इलाका होने के कारण बचाव और राहत टीम को प्रभावित गांवों तक पहुंचने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। उपायुक्त ने कहा हमने दवाओं के साथ स्वास्थ्य टीम भेजी है।'' प्रभावित परिवारों को आश्रय मुहैया कराने के प्रयास भी जारी हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर लाखों का नशीला पदार्थ जब्त, महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर दुबई से आई एक विदेशी महिला के पास से लाखों रुपये का नशीला पदार्थ पदार्थ बरामद हुआ है जिसके बाद उक्त महिला को गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया है कि महिला ने पेट में ड्रग्स छिपा रखा था। जांच-पड़ताल में महिला के पेट से 214 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है। जब्त मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख रुपये है। डीआरआई के मुताबिक दुबई की एक महिला को हिरासत में लिया गया और उसके बैग की तलाशी ली गई और उसके पास से कुछ भी नहीं मिला। मगर बाद में जब उसका मेडिकल जांच हुआ तब उसके पेट में 20 कैप्सूल पाए गए। कैप्सूल में हेरोइन थी। कल जब महिला को कोर्ट में पेश किया गया तो उसे आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया गया। उससे ये पता लगाया जा रहा है कि ये हेरोइन वो कहां से लाई और किसे देने वाली थी? पुलिस महिला के फोन की भी जांच कर रही है।

## खास खबर

### गैस रिसाव से हवाना के फाइव स्टार होटल में भीषण विस्फोट, अब तक 22 लोगों की मौत

**हवाना।** क्यूबा की राजधानी हवाना में एक धमाके से पांच सितारा होटल क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों का कहना है कि इस घटना में 22 लोगों की मौत हो गई और करीब 64 लोग घायल हो गए। राष्ट्रपति मिगेल डियाज कनेल के कार्यालय ने ट्वीट कर कहा कि शुक्रवार तड़के हवाना के होटल साराटोगा में गैस रिसाव के कारण धमाका हुआ। कार्यालय की तरफ से कहा गया कि लोगों के फंसे होने की आशंका के मद्देनजर घटनास्थल पर तलाशी एवं बचाव अभियान शुरू किया गया है। इसने बताया कि इस घटना में 22 लोगों की जान चली गई। स्थानीय मीडिया में आई खबर में अधिकारियों के हवाले से कहा गया कि इस घटना में करीब 64 लोग घायल हो गए जबकि कई लोग लापता हैं। हवाना के गवर्नर रेनाल्डो गार्सिया ज़ापता ने स्थानीय मीडिया को बताया कि 96 कमरों वाले होटल साराटोगा में कोई पर्यटक मौजूद नहीं था क्योंकि वहां मरम्मत का काम चल रहा था। स्थानीय मीडिया ने हवाना के होटल साराटोगा को गंभीर नुकसान होने और आसमान में ऊपर उठते धूल के गुबार से संबंधित तस्वीरें प्रकाशित कीं। खबरों के मुताबिक, होटल से सटे स्कूल को भी खाली कराया गया है।

### सीमाओं की रक्षा करने वालों को सुविधाएं मुहैया कराना सर्वोच्च प्राथमिकताः राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत की सीमा की रक्षा करने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करना सरकार की व्यापक रक्षा रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा है। राजनाथ सिंह ने कहा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता उन लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराना है जो हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं, जो इस देश की सीमा के पहरेदार हैं। रक्षामंत्री ने देश के सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए बीआरओ की भी सराहना की। पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास का उदाहरण देते हुए सिंह ने कहा कि यह अब देश के समग्र विकास के लिए नया प्रवेश द्वार बन गया है। रक्षा मंत्री ने कहा शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, खाद्यान्न आपूर्ति, सेना की सामरिक जरूरतें, उद्योग और सामाजिक-आर्थिक प्रगति से जुड़े अन्य कार्यों को पूरा करने में सड़कों और पुलों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

### तजिंदर बग्गा की मां का केजरीवाल पर हमला

**नई दिल्ली।** पंजाब पुलिस द्वारा दिल्ली भाजपा के एक नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर सुबह से ही हाई वोल्टेज ड्रामा जारी है। तजिंदर पाल सिंह बग्गा की मां कमलजीत कौर ने अरविंद केजरीवाल पर हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल के तजिंदर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है कि वह उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा है। पंजाब पुलिस उनके हाथ में है तो क्या वह ऐसी गुंडागर्दी करेंगे। कमलजीत कौर ने कहा कि हमने कहा कि किसी की पीड़ा का मजाक उड़ाना और कश्मीर फाइल्स का मजाक उड़ाना सही नहीं है और आम आदमी पार्टी (आप) को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। तजिंदर बग्गा का कहना है कि भाजयुमो उन्हें शांति से नहीं रहने देगा। उधर, बग्गा की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा और आप के नेताओं में आरोप-प्रत्यारोप के बीच दिल्ली पुलिस ने बग्गा के पिता की शिकायत के आधार पर जनकपुरी थाने में बग्गा के अपहरण का मामला दर्ज किया है। बग्गा के पिता ने शिकायत की कि शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे कुछ लोग उनके घर आए।

# महंगाई के साथ युद्ध लड़ रहे हैं देश के नागरिक, उन्हें लाउडस्पीकर की चिंता : राउत

**मुंबई।** शिवसेना नेता संजय राउत ने महंगाई को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है। राउत ने शनिवार को कहा कि महंगाई देश का सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन इस पर न तो प्रधानमंत्री बात कर रहे हैं और न ही वित्त मंत्री। देश व महाराष्ट्र के भाजपा नेता भी इस पर मौन हैं। उन्हें सिर्फ इस बात की चिंता है कि महाराष्ट्र और पंजाब की पुलिस क्या कर रही है। शिवसेना के राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में शांति है, लेकिन कुछ नेता देश का माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन लोगों ने उन्हें मुंह तोड़ जवाब दिया है। इस संबंध में कोई नीति बननी चाहिए। संजय राउत ने कहा कि महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर का मुद्दा अब समाप्त हो चुका है। कानून के मुताबिक काम किया जा रहा है। लाउडस्पीकर के संदर्भ में पूरे देश में एक सर्वमान्य नीति बनाई जानी चाहिए। मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि लाउडस्पीकर के मुद्दे की वजह



से सबसे ज्यादा नाराजगी हिंदू समाज को है। हिंदू समाज में फूट डालने का प्रयत्न किया जा रहा है। संजय राउत ने कहा कि पुलिस के डर से सभी पॉलिटिकल लाउडस्पीकर गायब हो गए हैं। देश में कानून का राज है और उसी के अनुरूप काम हो रहा है। भाजपा पर निशाना साधते हुए संजय राउत ने कहा कि महंगाई अपने चरम पर है। आए दिन डीजल-पेट्रोल और एलपीजी सिलेंडर समेत तमाम जरूरी चीजों के दाम बढ़ते जा रहे हैं। बावजूद इसके भाजपा का एक भी नेता महंगाई जैसे अहम और जन सामान्य से जुड़े मुद्दे पर बात नहीं करता। उन्होंने कहा कि जिस तरह लाउडस्पीकर के मुद्दे पर बीजेपी नेता चिल्ला-चिल्ला कर बोलते हैं। उसी प्रकार उन्हें महंगाई के विषय में भी जनता के सामने बोलना चाहिए। प्रधानमंत्री को दूसरे देशों के बीच चल रहे युद्ध में ज्यादा दिलचस्पी है। भक्त इसी बात पर उनकी तारीफ कर रहे हैं। लेकिन देश के नागरिक महंगाई के साथ युद्ध लड़ रहे हैं। आखिर उनकी क्या गलती है दूसरी ओर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने नई चेतावनी दी है।

## यमुना एक्सप्रेस-वे पर अज्ञात वाहन से टकराई वैगनआर, 7 की मौत, दो घायल

### सीएम योगी ने दुर्घटना में मरने वालों लोगों पर जताया गहरा शोक



**मथुरा।** यूपी के मथुरा के थाना नौहझील क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर एक भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हरदोई से नोएडा जाते समय वैगनआर कार अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में वैगनआर कार सवार बालक समेत सात लोगों की मौत हो गई। दो घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम को भेज दिया है वहीं घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया है। गांव बहादुरपुर, संडीला हरदोई निवासी लल्लू परिवार सहित नोएडा से अपने पैतृक गांव बहादुरपुर हरदोई में आयोजित शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहां से अपनी वैगनआर कार से नोएडा लौट रहे थे। एक्सप्रेस-वे पर नौहझील क्षेत्र में माइल स्टोन 68 के समीप शनिवार तड़के कार की अज्ञात वाहन से जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इसके चलते कार के परखच्चे उड़ गए। कार सवार 9 लोगों में से एक बालक समेत सात की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं एक बालक और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस टीम ने रेस्क्यू कर सभी कार सवारों को काफी मशक्कत के बाद निकाल दोनों घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं सात शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए परिजनों को सूचना दी है। इस मामले में एसपी (ग्रामीण), श्रीश चंद्र ने कहा, %तीन महिलाओं, तीन पुरुषों और एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा और एक पुरुष अस्पताल में भर्ती हैं।% एसपी देहात श्रीश चंद्र ने बताया कि कार सवार में राजेश, लल्लू, श्रीगोपाल, संजय, निशा, छुटकी, नंदिनी के अलावा बच्चे धीरज और कृष हैं। बताते हैं कि इनमें बालक कृष और एक व्यक्ति जीवित हैं। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार वैगनआर कार सवार में लल्लू के अलावा उनकी पत्नी छुटकी तीन बेटे संजय, राजेश, श्री गोपाल उनकी पत्नी और संजय के दो बच्चे सवार थे। यह सभी अपने गांव बहादुरपुर से नोएडा लौट रहे थे।

## गधे के ऊपर लकीरें डालने से वह जेबरा नहीं बन सकता : इमरान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान इन दिनों बौखलाहट में खूब बयानबाजी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाए जाने के बाद इमरान खान वर्तमान पीएम शहबाज शरीफ और अमेरिका के खिलाफजमकर जहर उगल रहे हैं। इतना ही नहीं, इसी बौखलाहट में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने अपनी तुलना गधे से कर डाली। उनके इस बयान का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया में खूब शेयर भी किया जा रहा है।

इमरान खान इससे पहले भी ओसामा बिन लादेन को शहीद बताकर अपनी फजीहत करवा चुके हैं। उन्होंने तो पाकिस्तान में बढ़ रही बलात्कार की घटनाओं के लिए महिलाओं के कम कपड़ों को जिम्मेदार बताया था। इतना ही नहीं, उनकी पार्टी सत्ता से बेदखल होने के बाद पाकिस्तान के गृहमंत्री को आतंकियों का समर्थक बताकर पूरी दुनिया को चिट्ठी लिख रही है। सोशल मीडिया पर इमरान खान के इंटरव्यू के एक हिस्से का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में इमरान खान करते दिखाई दे रहे हैं कि मैं ब्रिटिश सोसाइटी का हिस्सा भी था, उन्होंने मुझे वेलकम किया, बहुत कम लोगों को ब्रिटिश सोसाइटी इस तरह स्वीकार करती है। लेकिन मैंने कभी उसको अपना घर नहीं समझा। क्योंकि मैं पाकिस्तानी था, मैं जो मर्जी कर



लूं। मैं अंग्रेज तो बन नहीं सकता। इसके बाद इमरान ने कहा कि आप अगर गधे के ऊपर लकीरे डाल दें तो वो जेबरा नहीं बन जाता। वो गधा, गधा ही रहता है। इमरान ने एक निजी समाचार चैनल पर अभिनेता शान शाहिद के साथ एक स्पेशल इंटरव्यू में कहा कि उनके राजनीतिक विरोधी अब चरित्र हनन पर उतर आए हैं। उन्होंने दावा किया कि पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए फर्जी वीडियो बनाने के लिए कंपनियों को काम पर रखा है। वे मेरे ऊपर हमला कर रहे हैं, क्योंकि उनके परिवार पिछले 35 सालों से भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

## न्यूज़ ट्रैक....

### राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में किसी पहलवान को नहीं मिलेगा सीधे प्रवेश

**नई दिल्ली** । राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए इस बार किसी भी खिलाड़ी को सीधे प्रवेश नहीं मिलेगा। यहां तक कि ओलिंपिक रजत पदक विजेता पहलवान रवि दहिया, कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया को भी इस बार चयन ट्रायल के जरिये ही फाइनल में प्रवेश मिलेगा। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अनुसार राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए पुरुष वर्ग का चयन ट्रायल 17 मई को दिल्ली में और महिला वर्ग का 16 मई को लखनऊ में होगा। राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए इस बार होने वाले चयन ट्रायल में तीनों पहलवानों को सभी मैच जीतकर फाइनल तक पहुंचना होगा। इस बार ट्रायल को जरुरी इसलिए बनाया गया है क्योंकि इससे पहले मार्च में एशियाई चैंपियनशिप के लिए हुए चयन ट्रायल में तीनों पहलवानों को उनके वर्गो में सीधा फाइनल में प्रवेश देने से डब्ल्यूएफआई को आलोचना का सामना करना पड़ा था। ऐसे में इस बार डब्ल्यूएफआइ ने एशियाई चैंपियनशिप के लिए ट्रायल में उभरते हुए पहलवानों की नाराजगी से बचने के लिए तीनों ही पहलवानों को अब सीधा फाइनल में प्रवेश नहीं देने का फैसला किया।

### कोरोना संक्रमण के कारण चीन में होने वाले एशियाई खेल स्थगित

**बीजिंग** । कोरोना संक्रमण के कारण चीन में होने वाले एशियाई खेलों को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। स्थानीय मीडिया की एक रिपोर्ट के अनुसार एशिया ओलंपिक काउंसिल ने कहा है कि संक्रमण के मामलों में तेजी को देखते हुए हांगझोउ में 10 से 25 सितंबर 2022 तक होने वाले 19वें एशियाई खेलों को स्थगित करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। एशियाई ओलंपिक परिषद ने कहा है की है कि 19वें एशियाई खेलों के लिए नई तारीखों की घोषणा बाद में की जाएगी। एशियाई खेला हांगझोउ शहर में होने हैं , यह शंघाई के पास स्थित है। हाल ही में शंघाई में कोरोना के बढ़ते मामलों के कारण एक सप्ताह का लॉकडाउन भी लगाया गया था। उसके बाद से ही खेलों का आयोजन खतरे में पड़ गया था। आयोजकों ने पिछले महीने कहा था कि पूर्वी हिस्से में 1.2 करोड़ की आबादी वाले शहर हांगझोउ ने एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों के लिए करीब 56 प्रतियोगिता स्थलों का निर्माण पूरा कर लिया है।

### फीफा विश्वकप फुटबॉल के लिए टिकटों की भारी मांग

**लुसाने** । कतर में इसी साल होने वाले फीफा विश्वकप फुटबॉल के लिए टिकटों की भारी मांग है। विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था (फीफा) के अनुसार फाइनल मुकाबले के लिए 30 लाख लोगों ने टिकटों की मांग की है जबकि ग्रुप चरण में बड़ी टीमों के बीच होने वाले कुछ मुकाबलों के लिये भी टिकटों की भारी मांग है। वहीं 26 नवंबर को 80,000 लोगों की क्षमता वाले लुसेल स्टेडियम में अर्जेंटीना और मेक्सिको के बीच होने वाले मैच के लिए 25 लाख टिकटों की मांग की गई है जबकि इससे एक दिन पहले इंग्लैंड और अमेरिका के बीच मैच को 14 लाख दर्शक देखना चाहते हैं। इस साल 21 नवंबर से 18 दिसंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए टिकटों की बिक्री के दूसरे चरण में अमेरिका, इंग्लैंड और कतर से 20 लाख से ज्यादा टिकटों की मांग है।

# सुपर जायंट्स को हराकर प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने उतरी केकेआर

**पुणे** । कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर ) की टीम शनिवार को आईपीएल में लखनऊ सुपर जायंट्स से 7.30 बजे से होने वाले मुकाबले को जीतकर प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बरकरार रखने उतरेगी। इस मैच में लखनऊ को हराना हालांकि केकेआर के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि कप्तान लोकेश राहुल की सुपर जायंट्स टीम ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अंकतालिका में दूसरा स्थान हासिल किया है। राहुल ने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है ऐसे में केकेआर के गेंदबाजों को उन्हें बड़ा स्कोर बनाने से रोकना होगा। लखनऊ ने अभी तक 10 में से सात मैच जीते हैं और वह 14 अंक लेकर अंकतालिका में दूसरे स्थान पर है और इस प्रकार प्लेऑफ में जगह बनाने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। जबकि केकेआर को अपनी संभावनाएं बनाए रखने के लिए हर हाल में यह मैच जीतना होगा। अभी तक उसके 10 मैचों में चार जीत से आठ अंक हैं और वह अभी आठवें स्थान पर है।

केकेआर के गेंदबाजों उमेश यादव, टिम साउदी, शिवम मावी और सुनील नरेल को इस मैच में बेहतर गेंदबाजी कर सुपर जायंट्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना होगा कयोंकि सुपर जायंट्स के पास क्विंटन डिकॉक, दीपक हुडा और क्रुणाल पंड्या के अलावा ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस और जैसन होल्डर जैसे खिलाड़ी हैं जो कभी भी मैच पलट सकते हैं। लखनऊ के पास अच्छी गेंदबाजी क्षमता भी है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है हालांकि दुष्मंथा चमीरा, जेसन होल्डर और पंड्या को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी। इसके अलावा टीम के पास स्पिनर के तौर पर रवि बिश्नोई और के गौतम भी हैं। वहीं दूसरी ओर केकेआर के लिए अब तक सलामी जोड़ी का विफल रहना परेशानी का कारण बन सकता है। ऐसे में आरोन फिंच और बाबा इंद्रजीत को सलामी जोड़ी के तौर पर रन बनाने होंगे। कप्तान श्रेयस अय्यर और आंद्रे रसेल को भी और अच्छी बल्लेबाजी करनी होगी। नीतीश राणा और रिंकू सिंह के फार्म में होने का टीम को लाभ मिलेगा। गेंदबाजी में टीम के पास अनुभवी उमेश याद और टिम साउदी जैसे तेज गेंदबाज हैं। स्पिनर के तौर पर टीम के पास सुनील नरेन जैसा गेंदबाज है।

## दोपहर 3.30 बजे आईपीएल में आमने-सामने होंगे रॉयल्स और पंजाब किंग्स

**मुंबई** । आईपीएल में शनिवार को राजस्थॉन रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच रोमांचक मुकाबले के आसार हैं। इस मैच में जीत के लिए दोनो ही टीमें अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। राजस्थॉन का लक्ष्य इस मैच में बेहतर बल्लेबाजी कर लय में आना रहेगा। राजस्थान ने इस सत्र की शुरुआत से ही अच्छा प्रदर्शन किया था पर बीच के दौर में उसे कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और मुंबई इंडियन्स से मिली हार के कारण नुकसान झेलना पड़ा है। वहीं दूसरी ओर पंजाब की टीम ने पिछले मैच में नंबर एक स्थान पर चल रही टीम गुजरात टाइटंस को हराया था जिससे बाद से ही उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। इस मैच में कप्तान मयंक अग्रवाल की टीम जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राजस्थान की टीम पिछले दो मैचों में हार के कारण अभी अंकतालिका में तीसरे स्थान पर खिसक गयी है। बल्लेबाजी में टीम के पास जोस बटलर जैसे बल्लेबाजी हैं। बटलर ने अभी तक इसटूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। बटलर जिस भी मैच में रन नहीं बना पाये उसमें टीम को हार का सामना करना पड़ा है। कप्तान संजू सैमसन के अलावा प्रमुख बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं होने से टीम को नुकसान हुआ है। इस मैच में टीम को जीत दर्ज करनी है तो सैमसन के अलावा पडिक्कल को भी रन बनाने होंगे। वहीं नंबर चार पर शिमरोन हेटमायर को उतारा जा सकता है क्योंकि वह आक्रमक बल्लेबाज हैं और कभी भी मैच का रुख बदल सकते हैं। वहीं गेंदबाजी आक्रमण की बात करें तो टीम के गेंदबाजों को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा क्योंकि पिछले दो मैचों में उसके गेंदबाज करीब डेढ़ सौ रनों के स्कोर का बचाव भी नहीं कर पाये हैं जबकि टीम के पास युजवेंद्र चहल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, कुलदीप सेन और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे प्रमुख गेंदबाज थे।

वहीं दूसरी ओर पंजाब टीम की राह भी उतनी आसान नहीं है। उसके बल्लेबाज भी निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। शिखर धवन ने अभी तक टीम की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। इसके अलावा लियाम लिविंगस्टोन और भानुका राजपक्षे ने भी अच्छी बल्लेबाजी की है पर अब सभी को रन बनाने होंगे।




मियामी में मैकलरेन के नोरिस मियामी इंटरनेशनल ऑटोड्रोम में अभ्यास करते हुए।

## आजकल काउंटी क्रिकेट में व्यस्त हैं आमिर

**लंदन** । पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा है कि अभी टेस्ट क्रिकेट में वापसी पर वह कुछ नहीं कह सकते। आमिर ने कहा कि अभी इस बारे में बात करने का सही समय नहीं है क्योंकि व काउंटी क्रिकेट में व्यस्त हैं। आमिर अभी इंग्लैंड में ग्लॉस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब की ओर से खेल रहे हैं और इस सिलसिले को जारी रखना चाहते हैं। आमिर ने अब तक तीन विकेट लिए हैं। इस गेंदबाज ने कहा, 'मैं तीन साल बाद खेल रहा हूं इसलिए एक तेज गेंदबाज के तौर पर यह आसान नहीं होता है। मैंने पिछले चार वर्षों में कोई प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेला है पर मैं पहले गेम के बाद बेहतर हो रहा हूं और ल?कों की सहायता करने और उनके लिए अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहा हूं। एक गेंदबाज़ के रूप में अच्छी गेंदबाजी करना और सामने से नेतृत्व करना मेरा काम है।% आमिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी स्विंग गेंदबाजी के लिए जाने जाते थे पर उन्हें स्पॉट फिक्सिंग के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया। इसके कारण आमिर को पांच साल तक खेल से दूर रहना पड़ा। इसके बाद जब वह लौटे तो वह पूरी तरह से अलग गेंदबाज के तौर पर सामने आये। वह एक ऐसे गेंदबाज बन गए थे जिन्होंने गेंद की लाइन और लंबाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए काफी बढ़िया गेंदबाजी की। आमिर ने टीम प्रबंधन से नाराजगी के बाद 28 साल की उम्र में ही पाक क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने 36 टेस्ट में 119 विकेट जबकि 61 एकदिवसीय मैचों में 81 विकेट और 50 टी20 मैचों में 59 विकेट लिए हैं।

## ईशान ने धोनी के अंदाज में शानदार विकेटकीपिंग का प्रदर्शन किया

**मुंबई** । मुम्बई इंडियंस के युवा खिलाड़ी ईशान किशन ने आईपीएल में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मुकाबले में शानदार विकेटकीपिंग का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाई है। इस मैच के अंतिम ओवरों में विकेट के पीछे दो खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजने में ईशान ने अहम भूमिका निभाई। इससे गुजरात के हाथ में आया मैच फिसल गया। ईशान ने 18वें ओवर में पहले गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या को आउट किया। इसके बाद अंतिम ओवर में मैच फिनिशर कहे जाने वाले राहुल तेवतिया को पेवेलियन भेज दिया। इस प्रकार ईशान ने महेन्द्र सिंह धोनी के अंदाज में विकेटकीपिंग की है। ईशान धोनी से प्रेरित हैं और उन्हीं के समान खेलने का प्रयास करते हैं।



इस मैच में मुंबई से मिले लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की टीम की शुरुआत अच्छी रही और टीम लक्ष्य की ओर बढ़ रही थी पर मैच के 13वें ओवर में मॉर्गन अश्विन ने पहली गेंद पर शुभमन गिल को पेवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान हार्दिक पंड्या क्रीज पर उतरे। अश्विन ने अंतिम गेंद पर साहा को पेवेलियन भेज दिया। गेंदबाज ने उन्हें डेनियल सेम्स के हाथों कैच कराया। उनके बाद साई सुदर्शन क्रीज हिट विकेट हो गये।

पंड्या को ईशान किशन ने रन आउट किया। उनके बाद राहुल तेवतिया क्रीज पर आए। टीम को तब जीत के लिए 12 गेंदों पर 20 रन की जरूरत थी। गुजरात को जब 4 गेंदों पर 8 रन की जरूरत थी। तब तेवतिया ने दो रन लेने की कोशिश की, एक रन तो बल्लेबाज ने पूरा कर लिया पर दूसरा रन भागने के चक्कर में तेवतिया रन आउट हो गए।

## व्यापारन्यूज

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.7 अरब डॉलर घटकर 597.73 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 29 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में लगातार सातवें सप्ताह गिरता हुआ 2.7 अरब डॉलर घटकर 597.73 अरब डॉलर पर आ गया। इससे पूर्व 22 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह गिरता हुआ 3.27 अरब डॉलर कम होकर 600.4 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह 15 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 31.1 करो डॉलर कम होकर 603.7 अरब डॉलर, 08 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.47 अरब डॉलर घटकर 604 अरब डॉलर, 01 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह रिकॉर्ड 11.17 अरब डॉलर कम होकर 606.48 अरब डॉलर तथा 25 मार्च को समाप्त सप्ताह में 2.03 अरब डॉलर गिरकर 617.65 अरब डॉलर पर रहा। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंके के अनुसार 29 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बे घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.1 अरब डॉलर गिरकर 532.8 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह स्वर्ण भंडार 1.2 करो डॉलर कम होकर 41.6 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 36.2 करो डॉलर घटकर 18.3 अरब डॉलर पर आ गया। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 5.9 करो डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

### फ्यूचर समूह अमर चित्रकथा में 18.6 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगा

**नई दिल्ली** । कर्ज में फंसी फ्यूचर ग्रुप ने कहा कि वह अमर चित्रकथा प्राइवेट लिमिटेड(एसीकेपीएल) में अपनी कुछ हिस्सेदारी 13.62 करोड़ रुपए में बेचेगी। कंपनी अमर चित्रकथा कॉमिक्स का प्रकाशन करती है। शेयर बाजार को दी सूचना में समूह ने कहा कि इस संदर्भ में रामनायडू दग्गुबाती और स्पिरिट मीडिया के साथ समझौते किए। इसके तहत कंपनी कुल चुकता शेयर पूंजी का 18.58 प्रतिशत हिस्सा बेचेगी। यह सौदा 13.62 करोड़ रुपए का है। फ्यूचर समूह की कंपनी फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड इस समझौते के तहत अपनी हिस्सेदारी बेच रही है। इस हिस्सेदारी की बिक्री के बाद एसकेपीएल कंपनी की अनुषंगी नहीं रहेगी।

### पीएनबी ने कर्ज पर ब्याज दर 0.4 प्रतिशत बढ़ाई

**नई दिल्ली** । सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने रेपो समेत बाह्य मानक दर आधारित ब्याज दर 0.40 प्रतिशत बढ़ाकर 6.90 प्रतिशत कर दिया है। पीएनबी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि मौजूदा ग्राहकों के लिए एक जून, 2022 से रेपो आधारित ब्याज दर (आरएलएलआर) 6.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.90 प्रतिशत कर दिया गया है। नये ग्राहकों के लिए संशोधित आरएलएलआर सात मई, 2022 से प्रभावी होगी। इससे पहले रिजर्व बैंक के नीतिगत दर में वृद्धि के बाद आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और बैंक ऑफ इंडिया ने भी रेपो आधारित ब्याज दर में वृद्धि की थी। पीएनबी ने विभिन्न अवधि की मियादी जमा पर भी ब्याज दरों में वृद्धि की है।

### रिलायंस रिटेल को 3,705 करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली** । रिलायंस रिटेल लिमिटेड (आरआईएल) का मुनाफा वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में 2.43 प्रतिशत बकर 3,705 करो रुपए हो गया। आरआईएल की खुदरा इकाई का कर पूर्व लाभ वित्त वर्ष 2020-21 की आखिरी तिमाही में 3,617 करो रुपए था। कंपनी की सभी खुदरा क्षेत्रों से परिचालन आय आलोच्य तिमाही के दौरान 23.09 प्रतिशत बकर 50,834 करो रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 41,296 करो रुपए थी। पूरे वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का कर पूर्व लाभ 26.47 प्रतिशत बढ़कर 12,381 करोड़ रुपए रहा। जो इससे पूर्व 2020-21 में 9,789 करोड़ रुपए था। बीते वित्त वर्ष के दौरान उसकी सकल आय 1,99,704 करो रुपए रही।

## जेट एयरवेज ने टेस्टिंग उड़ान का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया

# तीन साल बाद फिर आकाश में उड़ने की तैयारी में जेट एयरवेज

**नई दिल्ली** । नगदी संकट की वजह से 3 साल पहले जेट एयरवेज को अपनी सभी सेवाएं बंद करनी पड़ी थी। 3 साल बाद इस प्राइवेट एयरलाइन ने फिर से उड़ान भरी है। हालांकि, ये टेस्टिंग उड़ान थी, लेकिन इससे अब इसकी उम्मीद बढ़ गई है कि जल्दी ही इसकी कमर्शियल उड़ान शुरू होगी। जेट एयरवेज ने टेस्टिंग उड़ान का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया। जेट एयरवेज ने लिखा, आज 5 मई को हमारा 29वां जन्मदिन है। जेट एयरवेज ने फिर उड़ान भरी! यह हम सबके लिए बहुत भावनात्मक दिन है। इसका हम सब बहुत बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह दिन उन वफादार ग्राहकों के लिए भी बेहद खास है जिनके लिए जेट की दोबारा उड़ान शुरू होने का इंतजार करना भी मुश्किल हो रहा है। इंडिगो एयरलाइन ने ट्वीट पर जेट एयरवेज को बधाई देकर नई शुरुआत की तैयारियों के लिए शुभकामनाएं दी। जेट एयरवेज ने उम्मीद जाहिर की हैं कि इस साल सितंबर तक इसकी कमर्शियल उड़ान शुरू हो सकती है। हवाई यात्री एक बार फिर से इस एयरलाइन से यात्रा कर सकते हैं। जेट के प्रवक्ता ने बताया कि इस साल तीसरी तिमाही में यात्रियों के लिए जेट एयरवेज की उड़ान शुरू होने की उम्मीद है। टेस्टिंग उड़ान हैदराबाद एयरपोर्ट से शुरू हुई थी और 90 मिनट बाद यहीं पर लैंड हुई। जेट एयरवेज की बोइंग 737-800 एयरक्राफ्ट ने टेस्टिंग के लिए हैदराबाद से दिल्ली की उड़ान भरी थी। इससे पहले जेट एयरवेज ने एविएशन सेक्टर के दिग्गज संजीव कपूर को अपना सीईओ और श्रीलंकन एयरलाइंस के सीईओ रहे विपुला गुनातिलेका को सीएफओ नियुक्त किया था। कपूर ने स्पाइसजेट को भी मुसीबत से उबारने में अहम योगदान दिया था। साथ ही ऑपरेशन्स के लिए 200 कर्मचारियों की नियुक्ति की थी। वित्तीय संकट की वजह से 18 अप्रैल, 2019 को जेट एयरवेज ने आखिरी बार उड़ान भरी थी। इसके बाद कंपनी की उड़ान सेवाएं ठप हो गई। इसके बाद नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में इस एयरलाइन को दिवालिया घोषित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस प्रक्रिया में यूएई स्थित प्रवासी भारतीय कारोबारी मुरारी जालान और ब्रिटेन स्थित कालरॉक कैपिटल के कंसोर्टियम ने जून 2021 जेट एयरवेज की बोली जीती थी।



### शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा

# बीते सप्ताह सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट रही

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में गिरावट का असर घरेलू शेयर बाजार पर भी देखा गया और सप्ताह के आखिर में शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट दर्ज की गई। पिछले सप्ताह मंगलवार को ईद के अवसर पर अवकाश होने की वजह से शेयर बाजारों में पांच कारोबारी दिनों में से केवल चार ?दिन कारोबार हुआ। सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को बाजार गिरावट और शुक्रवार को मामूली तेजी के साथ बंद हुए। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी कोषों के लगातार बाजार से पैसा निकालने और कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती से भी बाजार की धारणा पर असर पड़ा। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई का 30 शेयरों का सूचकांक सेंसेक्स 648.25 अंक गिरकर 56,412.62 पर खुला और 84.88 अंक के नुकसान के साथ 56,975.99 अंक पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 185.3 अंक गिरकर 16,917.25 पर खुला और 33.45 अंक गिरकर 17,069.10 अंक पर बंद हुआ। मंगलवार को ईद के पर्व के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे। बुधवार को सेंसेक्स 27.41 अंक की गिरावट के साथ 57,184.21 पर खुला और 1,060.64 अंक की गिरावट के साथ 55,915.35 पर बंद हुआ। निफ्टी 33.45 अंक की गिरावट के साथ 17,069.10 पर खुला और 317.75 अंक फिसलकर 16,751.35 पर बंद हुआ। अमेरिकी बाजारों में उल्लेखनीय तेजी आने और इंफोसिस, टाटा स्टील और भारतीय स्टेट बैंक जैसे बड़े शेयरों के लाभ में जाने से गुरुवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 650.9 अंक चढ़ कर 56,319.93 पर खुला और 33.20 अंक बढ़कर 55,702.23 पर बंद हुआ। निफ्टी 185.65 अंक की बढ़त के साथ 16,863.25 पर खुला और 5.05 अंक की मामूली तेजी के साथ 16,682.65 पर बंद हुआ। शुक्रवार को सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 980.45 अंक की गिरावट के साथ 54,721.78 पर खुला और 866.65 अंक की गिरावट के साथ 54,835.58 पर बंद हुआ। निफ्टी 300.15 अंक गिरकर 16,382.50 पर खुला और 271.40 अंक की गिरावट के साथ 16,411.25 पर बंद हुआ।

## रूस यूक्रेन जंग के कारण तेल की कीमतें शीर्ष पर : भारत

**न्यूयार्क** । रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग ने पूरी दुनिया को दहला रखा है। युद्ध को दो महीने से अधिक हो गया है। दोनों देशों के बीच युद्ध की वजह से खाद्य और ऊर्जा संबंधी चुनौतियां सामने आ रही हैं। इसी बीच, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में रूस-यूक्रेन युद्द के चलते उभरती खाद्य और ऊर्जा संबंधी समस्याओं पर प्रकाश डाला है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा, दोनों देशों का युद्ध व्यापक क्षेत्रीय और वैश्विक प्रभावों के साथ एक अस्थिर प्रभाव डाल रहा है। उन्होंने कहा कि तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और खाद्यान्न और उर्वरकों की कमी है। इसका वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। तिरुमूर्ति ने आगे कहा, युद्ध से उत्पन्न खाद्य सुरक्षा चुनौतियों के लिए हमें सभी बाधाओं से परे जाकर जवाब देना होगा। ऊर्जा सुरक्षा सभी के लिए एक गंभीर चिंता है और सभी के प्रयासों के जरिए इसे देखने की



जरूरत है। तिरुमूर्ति ने युद्ध को खत्म करने और बातचीत और कूटनीति के मार्ग को एकमात्र रास्ता अपनाने के लिए भारत के लगातार आह्वान को दोहराया।

उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई लोगों की जान गई है जबकि अनगिनत लोगों पर इसका असर पड़ा है। खासकर लाखों महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग बेघर हो गए हैं। ये लोग पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर हो गए हैं। भारत ने बुका में नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा की है और स्वतंत्र जांच के आह्वान का समर्थन किया है। तिरुमूर्ति ने ये भी कहा, %यूएन के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रयासों की हम सराहना करते हैं। हम तत्काल प्रभाव से खाद्य निर्यात प्रतिबंधों से मानवीय सहायता के लिए विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) द्वारा भोजन की खरीद को छूट देने की उनकी सिफारिश का स्वागत करते हैं। भारत द्वारा अफगानिस्तान को उच्च गुणवत्ता वाली गेहूं भेजे जाने के बाद डब्ल्यूएफपी का प्रतिनिधिमंडल भारत पहुंचा। यह प्रतिनिधिमंडल भारत में गेहूं के भंडारण व रखरखाव की स्थिति का जायजा लेगा, ताकि ऐसी ही व्यवस्था अन्य देशों में भी बनाई जा सके। दरअसल, अफगानिस्तान में पैदा हुए अन्न संकट के मद्देनजर भारत पचास हजार मीट्रिक टन गेहूं और जीवन रक्षक दवाएं भेज रहा है। इसके तहत दस हजार मीट्रिक टन गेहूं अफगानिस्तान भेजी जा चुकी है। अफगानिस्तान भेजी जाने वाली गेहूं की विश्व खाद्य कार्यक्रम की टीम ने बुधवार को जांच की।

### टाटा संस के चेयरमैन 98 करोड़ के डुप्लेक्स के मालिक बने

**मुंबई** । टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन अब डूप्लेक्स के मालिक बन गए हैं। उन्होंने पेद्दार रोड स्थित 33 साउथ नाम के लग्जरी टावर में 11वें और 12वें फ्लोर पर फैला डूप्लेक्स खरीदा है। सौदा 98 करोड़ रुपए में हुआ है। अभी तक चंद्रशेखरन और उनका परिवार करीब 6,000 वर्गफीट वाले डूप्लेक्स के लिए हर महीने 20 लाख रुपए किराया दे रहा था। टाटा ग्रुप के चेयरमैन के रूप में 2021 में एन चंद्रशेखरन को कुल 91 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया था। जानकारी के मुताबिक चंद्रशेखरन जहां रहते हैं, उस 33 साउथ इमारत के बगल में ही मुकेश अंबानी का आलीशान घर एंटीलिया स्थित है। 33 साउथ या पूरे पेद्दार रोड पर ही कई नामी हस्तियों का आशियाना है। टाटा ग्रुप के एक प्रवक्ता ने इस पूरे सौदे पर टिप्पणी से इनकार कर दिया। चंद्रशेखरन ने यह डूप्लेक्स खरीदने का फैसला खुद को फिर से टाटा संस का चेयरमैन बनाने के बाद किया।

# बिग बॉस 15 के लिए मुझे अप्रोच नहीं किया गया: भूमिका चावला



सलमान खान की फिल्म तेरे नाम से लोकप्रियता हासिल करने वाली भूमिका चावला किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। काफी समय से बड़े पर्दे से दूर रहने के बावजूद फैंस अभिनेत्री को भूल नहीं पाए हैं। हाल में खबर आई थी कि उन्हें बिग बॉस 15 के लिए अप्रोच किया गया है। अब अभिनेत्री ने खुद इस खबर का खंडन कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्हें इस शो के लिए अप्रोच नहीं किया गया है।

भूमिका ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर बिग बॉस 15 में शामिल होने की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, यह सही नहीं है। मुझे बिग बॉस के लिए कोई ऑफर नहीं मिला है। अगर मुझे यह शो ऑफर भी किया जाता, तो मैं यह शो नहीं करती। मुझे बिग बॉस के पहले, दूसरे, तीसरे सीजन के साथ अन्य सीजन में भाग लेने का ऑफर मिला था। मैंन उन सभी ऑफर को ठुकरा दिया था। उन्होंने बताया कि इस शो में भाग लेने के लिए वह इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में आगे लिखा, मैं एक सेलिब्रिटी हूं। इसके अलावा एक बहुत निजी व्यक्ति हूं, जिसके आसपास हर वक्त कैमरे की नजर रखी जाएगी। हाल में नागिन 5 की फेम सुरभि चंदना ने सोशल मीडिया पर बिग बॉस 15 के लिए अप्रोच किए जाने की खबरों को गलत बताया था। अभिनेता पार्थ समथान ने भी कहा कि वह शो में भाग नहीं लेंगे। भूमिका ने बॉलीवुड के अलावा साउथ की कई फिल्मों में काम किया है। हालांकि, सलमान खान की फिल्म तेरे नाम ने उन्हें रातों-रात स्टार बना दिया था। यह भूमिका की पहली हिन्दी फिल्म थी और इसी से उन्हें बॉलीवुड में पहचान मिली थी। इसके बाद उन्होंने रन, दिल ने जिसे अपना कहा और एम.एस. धोनी- द अनटोल्ड स्टोरी में भी काम किया है। भूमिका को दर्शकों ने आखिरी बात 2019 में वेब सीरीज भ्रम में देखा था। बिग बॉस के आगामी सीजन में रिया चक्रवर्ती के शामिल होने की अटकले भी तेज हो गई हैं। कहा जा रहा है कि सुशांत मामले में रिया की बिगड़ी छवि को सुधारने के लिए वह बिग बॉस का सहारा ले सकती हैं। इसके अलावा अनुषा दांडेकर, दिशा वकानी, दिव्यांका त्रिपाठी-विवेक दहिया, मोहसिन खान और दिशा परमार जैसे कलाकार इस शो में हिस्सा ले सकते हैं। इस शो में टीवी अभिनेत्री नेहा मर्दा भी नजर आ सकती हैं। बिग बॉस का प्रसारण कलर्स चैनल पर होता है। यह लोकप्रिय शो अमेरिकी टीवी रियलिटी शो बिग ब्रदर प्रारूप का अनुसरण करता है। घर के मालिक को बिग बॉस के नाम से जाना जाता है।

## हीट स्ट्रोक से बचने के लिए क्या करें? पता करें



हीट स्ट्रोक शरीर के तापमान में वृद्धि के कारण होने वाली एक जटिलता है। शरीर का सामान्य तापमान 96 फारेनहाइट होता है। अगर यह 104 फारेनहाइट को पार कर जाए तो हीट स्ट्रोक हो सकता है। निर्जलीकरण हीट स्ट्रोक का प्रमुख कारण है। हीट स्ट्रोक भी निर्जलीकरण और अत्यधिक गर्मी में विभिन्न दवाओं के प्रभाव के कारण होता है। हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए इस बात का ध्यान रखें कि इस गर्मी में शरीर डिहाइड्रेट न हो जाए। साथ ही, जो लोग धूप में लंबे समय तक काम करते हैं, उन्हें हीट स्ट्रोक होने की संभावना अधिक होती है। वयस्कों और बच्चों के साथ भी ऐसा ही हो सकता है। हीट क्रैम्प हीट स्ट्रोक का पहला लक्षण हो सकता है। परिणाम मांसपेशियों में दर्द होता है, शरीर कमजोर और हमेशा प्यासा महसूस करता है। इसके बाद तेजी से सांस लेना, सिरदर्द, चक्कर आना, मतली, असंगत व्यवहार आदि होता है। शरीर की गर्मी बढ़ जाना और बहुत पसीना आना। विशेषज्ञ इन लक्षणों के होने पर तुरंत कार्रवाई करने की सलाह देते हैं। जब हीट स्ट्रोक होता है, तो शरीर का तापमान तेजी से 105 डिग्री फ़ारेनहाइट से अधिक हो जाता है। पसीना आना बंद हो जाता है। त्वचा शुष्क और लाल हो जाती है। श्वास भी तेज होती है और नाड़ी धीमी या तेज होती है। रक्तचाप कम करता है। आक्षेप, चक्कर आना, असामान्य व्यवहार, मतिभ्रम, असंयम आदि। रोगी बेहोश भी हो सकता है। इसलिए हीट स्ट्रोक होने से पहले इसे रोका जाना चाहिए। घरेलू तरीके से हीट स्ट्रोक के खतरे से बचा जा सकता है। इसलिए कुछ पौष्टिक आहारों को दैनिक आहार सूची में शामिल करना चाहिए।

**बटर मिल्क** : इफ्तार में आप बटर मिल्क रख सकते हैं. बटर मिल्क में प्रोबायोटिक्स, प्रोटीन और विटामिन होते हैं। जो आपके देश के तापमान को वापस सामान्य करने में मदद करेगा।

**चतुर शर्बत**ः चतुर शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है। यह मधुमेह रोगियों के लिए भी एक अच्छी छाया है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होने के कारण रक्त में ग्लूकोज की मात्रा भी नियंत्रण में रहती है। पोटाशियम, कैल्शियम, मैगनीज, जिंक आदि खनिजों की मांग भी छट्टू बजाने से पूरी होती है। छाता हीट स्ट्रोक को रोकता है और पेट के स्वास्थ्य में सुधार करता है। गर्म मौसम में छट्टू खेलने से शरीर को ठंडक मिलती है और डिहाइड्रेशन भी दूर होता है।

**प्याज का रस:** आयुर्वेद के अनुसार बाहर से घर लौटने पर प्याज के रस में थोड़ा सा शहद मिलाकर पीने से कई फायदे होते हैं. इससे शरीर का तापमान कम हो जाता है। इससे लू लगने का खतरा कम हो जाएगा।

# अमिताभ और इमरान संग 'चेहरे' का प्रमोशन करेंगी रिया चक्रवर्ती?



डायरेक्टर रूमी जाफरी की अगली फिल्म 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी नजर आने वाले हैं। यह फिल्म इस साल 9 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन देश में बढ़ते कोरोना के मामलों को देखते हुए आगे बढ़ाना पड़ा। वहीं, अब सवाल उठा रहा है कि क्या अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी के साथ रिया चक्रवर्ती भी फिल्म के प्रमोशन में शामिल होंगी। इस सवाल का जवाब प्रड्यूसर आनंद पंडित ने दिया है।

फिल्म 'चेहरे' पिछले साल रिया चक्रवर्ती के कारण काफी चर्चा में आई थी। दरअसल, बीते साल इस समय सुशांत सिंह राजपूत के अचानक से निधन के बाद रिया चक्रवर्ती को इस मामले में ड्रग्स के इस्तेमाल में आरोपी बनाया गया था। फिल्म 'चेहरे' में अमिताभ बच्चन, इमरान हाशमी और रिया चक्रवर्ती के अलावा अन्नू कपूर, धृतिमान चटर्जी, सिद्धांत कपूर, रघुवीर यादव और क्रिस्टल डिसूजा भी हैं। सुशांत सिंह राजपूत केस में रिया चक्रवर्ती का नाम सामने के बाद आने कई ऐसी कई रिपोर्ट्स थीं, जिनमें कहा गया था कि अब वह फिल्म 'चेहरे' का हिस्सा नहीं रहेंगी या उनका हिस्सा काट दिया जाएगा। मार्च में रिलीज किए गए फिल्म के पोस्टर पर भी वह नहीं थीं और इसमें डाउट था कि वह फिल्म के ट्रेलर का हिस्सा होंगी लेकिन ट्रेलर रिलीज होने पर वह सभी डाउट दूर हो गए क्योंकि वह ट्रेलर में थीं। प्रड्यूसर आनंद पंडित ने कहा था कि वह अपने ऐक्टर के साथ खड़े होंगे और ऐसा कोई सिनेरियो ही नहीं था जहां रिया चक्रवर्ती फिल्म का हिस्सा नहीं होगी। आनंद पंडित ने खुलासा किया था कि वे फिल्म को थिअटर में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। अगले दो-तीन महीनों में फिल्म के रिलीज होने की उम्मीत कर रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या रिया चक्रवर्ती फिल्म प्रमोशन का हिस्सा होंगी। इस पर आनंद पंडित ने कहा, 'जहां तक प्रमोशन का सवाल है, यह हमारी टीम तय करेगी कि इसके लिए किसकी जरूरत है। मुझे नहीं लगता है कि अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी के मौजूद होने से हमें प्रमोशन के लिए किसी और जरूरत होगी।'



## जल संकट

गर्मी के मौसम के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों से जल संकट की खबरें सामने आने लगती हैं। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। राजस्थान के कोटा शहर का उदाहरण ही लें। यह शहर चंबल नदी के किनारे बसा है। लेकिन इस शहर की अनेक बस्तियों में पानी की किल्लत हो गई है। स्थिति यह है कि कई बस्तियों में तो नलों से बूंद-बूंद टपकने वाले पानी के सहारे अपनी जरूरत पूरी करने के लिए लोगों को रात-रात भर जागना पड़ता है। पिछले दिनों आई एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के हाड़ौती अंचल में भूजल पाताल तक पहुंच गया है। पश्चिमी राजस्थान में मरुस्थल है और वहां पानी का संकट नई बात नहीं है। लेकिन हाड़ौती अंचल राजस्थान के जिस दक्षिण-पूर्वी हिस्से में है, उसे सरसब्ज इलाके के तौर पर जाना जाता है। चंबल, कालीसिंध, पार्वती, परवन, आहू, ताकली, उजाड़ जैसी नदियों के अलावा इस अंचल में एक दर्जन छोटी या सहायक नदियां बहती हैं। बरसात के दिनों में जब इन नदियों में उफान आता है, तब इनमें होने वाली पानी की आवक का पता चलता है। इसके बावजूद यदि इलाके में भूजल का स्तर पाताल में पहुंच गया है और लोगों को पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है, तो इसका अर्थ केवल यही है कि हम पानी के प्रबंधन में कहीं पिछड़ गए हैं। हाड़ौती एकमात्र उदाहरण भर है, देश के ज्यादातर हिस्सों में जलसंकट की कमोबेश यही कहानी है। महाभारत में कहा गया है-%अति परिचयाद् अवज्ञा भवति।' सहजता से उपलब्ध हो जाने वाली वस्तुओं के वास्तविक मूल्य का अनुमान हम आसानी से नहीं लगा सकते, भले ही वे जीवन के लिए कितनी ही उपयोगी क्यों न हों। पानी के साथ भी ऐसा ही हुआ है। पृथ्वी की सतह का दो तिहाई हिस्सा पानी से भरा है। इसलिए कई लोगों को लगता है कि जब चारों तरफ इतना पानी है, तो फिर चिंता की क्या बात? शायद लोगों का यही सोच है। लेकिन ऐसे लोग इसे भूल जाते हैं कि पृथ्वी की सतह पर मौजूद कुल पानी में से दो प्रतिशत से भी कम मनुष्य के उपयोग लायक है। आज भी पीने के पानी के लिए दुनिया का बड़ा हिस्सा बरसात या नदियों के प्रवाह पर ही निर्भर है। विज्ञान ने हमें भले ही उन्नति के नए सोपान सौंपे हैं, लेकिन आज तक दुनिया की किसी प्रयोगशाला में मनुष्य की जरूरतों को पूरा करने लायक पानी नहीं बनाया जा सका है। इजराइल जैसे देशों ने समुद्री पानी को पीने के योग्य बनाने का दावा किया है, लेकिन उनकी तकनीक या तो इतनी महंगी है या इतनी अप्रचलित है कि दुनिया में यह चलन लोकप्रिय नहीं हो पाया। ऐसे में जरूरी यह था कि हम उन संसाधनों को बचाएं जो हमें साल भर तक पीने का पानी मुहैया कराते हैं। नदियों के अलावा झीलों, तालाबों, कुओं, बावडियों, टांकों, जोहड़ों जैसे जल संसाधनों को इस श्रेणी में रखा जा सकता है। पूर्वज जानते थे कि पानी जीवन की सबसे बड़ी जरूरत है और इसके संरक्षण की लापरवाही पीढियों के अस्तित्व को संकट की ओर धकेल सकती है। इसीलिए प्राचीन भारतीय मान्यताओं में किसी जल स्रोत के निर्माण को बहुत पुण्यदायक माना गया। राजाओं, सेठों और सामर्थ्यवान लोगों ने अपने जीवन के किसी महत्त्वपूर्ण अवसर की स्मृति को अक्षुण्ण रखने के लिए भव्य जल संसाधनों का निर्माण करवाया। भारत की सबसे भव्य बावडियों में एक %रानी जी की वाव' गुजरात के अन्हिलवाड़ा पाटन में स्थित है। राजा भीमदेव प्रथम की स्मृति में इस बावड़ी का निर्माण उनकी रानी उदयामति ने करवाया था। यह बावड़ी अब विश्व विरासत में शामिल है। मध्यप्रदेश की राजधानी में स्थित भोपाल के प्रसिद्ध बड़े तालाब का निर्माण परमार राजा भोज ने 11वीं सदी में एक चर्म रोग से छुटकारा पाने के उपक्रम में करवाया था।

# जीवन का सार होते हैं मृत्यु के समय के अंतिम शब्द

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**

आपराधिक न्याय शास्त्र में मरणासन्न व्यक्ति की गवाही को बहुत महत्व दिया जाता है। सामान्य रूप से यह माना जाता है कि मरता हुआ व्यक्ति झूठ नहीं बोलता। इसे न्यायिक भाषा में मरणासन्न कथन या डाइंग डिक्लेरेशन कहते हैं। यह तो हुई मरने के कुछ समय पूर्व की बात, जब व्यक्ति मरणासन्न तो है परंतु इतने होशो-हवाश में है कि वह सोच सकता है, घटना का वर्णन कर सकता है और बोल सकता है। परंतु इसके बाद की भी एक अवस्था है जब प्राण निकलने को ही होते हैं तब वह न सोच सकता है और न लम्बा वर्णन कर पाता है । तब मुँह से कुछ ही शब्द निकल पाते हैं। इन शब्दों का अध्यात्म की दृष्टि से बड़ा महत्व है। यह शब्द उस व्यक्ति के जीवन का निचोड़ होते हैं। विशेष बात यह है कि यह अंतिम शब्द सोच-विचारकर नहीं बोले जाते स्वत~ स्फूर्त होते हैं इसलिए इस समय झूठ बोलना संभव नहीं होता।

इसे समझने के लिए एक कथा लेते हैं। एक राजा के दरबार में एक वहुभाषविद् आया। वह फर्राटे से कई भाषां बोल सकता था। उसने चुनौती दी कि कोई उसकी मातृभाषा नहीं बता सकता। चुनौती स्वीकार कर अनेक लोगों ने उससे प्रश्न किये, चर्चा की, शायद मातृभाषा का अनुमान लग जाए। पर सब व्यर्थ। सभी भाषाओं पर उसका समान अधिकार था। अंत में राजा के बुद्धिमान मंत्री ने अचानक उसे सीढ़ियों से धक्का दे दिया। इस आकस्मिक स्थिति के लिए वह तैयार नहीं था। इस समय उसके मुँह से जिस भाषा के शब्द निकले उसे सुनकर मंत्री ने उसकी मातृभाषा बता दी और शर्त जीत ली। आकस्मिक स्थिति में जब सोचने का समय नहीं होता, बुद्धि काम नहीं करती तब शब्द से, कर्म से, संकेत से वही निकलता है जो हमारे अस्तित्व का अंश होता है। मातृभाषा हमारे व्यक्तित्व में रची-बसी होती है, हमारे अस्तित्व का अंग बन जाती है इसलिए आकस्मिक स्थिति में शब्द उसी भाषा में निकलते हैं।

जीवन की सबसे आकस्मिक घटना मृत्यु होती है। जन्म होते ही उसके दूसरे पहलू - मृत्यु - का भी जन्म हो जाता है। गीता में कृष्ण कहते हैं जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु और जिसकी मृत्यु हुई है उसका जन्म निश्चित है (जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च)। महाभारत में जब यक्ष ने युधिष्ठर से पूछा कि जीवन का सबसे बड़ा आश्चर्य क्या है तो युधिष्ठर ने कहा कि यह सुनिश्चित है कि हर व्यक्ति को मरना है पर हर व्यक्ति यह विश्वास करता है कि उसे अभी नहीं मरना है। मान लीजिए कि किसी शहर की जनसंख्या के अनुपात में प्रतिदिन औसतन 10 व्यक्तियों की मृत्यु होती है। इसे किसी शहरवासी को बतांगे तो वह इसे स्वीकार कर लेगा कि औसतन 10 व्यक्ति कल भी मरेंगे और परसों भी। परंतु उसे दृढ़ विश्वास होता है कि मैं उन 10 में शामिल नहीं हूँ। परंतु कभी न कभी तो उन 10 में उसकी गिनती होना ही है। इसलिए जब भी मृत्यु आती है तो वह उसके विश्वास के विपरीत आकस्मिक घटना होती है। इस आकस्मिक स्थिति में निकले शब्द उस सबका सार होते हैं जो उसने अपने पूरे जीवन में सोचा और किया है।

गीता भी इस बात को प्रमाणित करती है । कृष्ण कहते हैं कि जो व्यक्ति अंतिम समय में मेरा स्मरण करता हुआ शरीर त्यागता है वह मेरे स्वरूप में मिल जाता है (गीता 8.5)। एक अन्य श्लोक में कहते हैं कि जो एकाक्षर ब्रह्म '' का उच्चारण और मेरा स्मरण करते हुए देह त्यागता है वह सर्वोच्च गति को पा जाता है (गीता 8.13)। परंतु अंतिम समय में सोच-विचारकर या बुद्धि से ऐसा स्मरण या उच्चरण करना संभव नहीं है । इसलिए गीता में कहा है कि 'जिस रूप में व्यक्ति जीवन भर लीन रहा है, वही रूप देहत्याग के समय स्मरण में आता है और वह उसे ही प्राप्त करता है (गीता 8.6)।' तुलसीदास



जी कहते हैं कि जन्म-जन्मांतरों तक मुनि प्रयत्न करते हैं परंतु अंत समय में राम का नाम मुख पर नहीं आता - जन्म जन्म मुनि जतनु कराहीं। अंत राम कहि आवत नाहीं। यहॉं भी वही बात आती है कि प्रयत्न तो किया परंतु प्रयत्न इतना नहीं था कि वह उसके अस्तित्व में समा जाता।

अभी तो हम अपने आप को अपने शरीर, पद, धन-सम्पत्ति, परिवार के रूप में जानते हैं। यही हमारे अस्तित्व का आधार हैं। इसलिए मरते समय कोई संपत्ति की चिंता करता है, कोई पुत्र को पुकारता है, कोई मरने से पूर्व दुश्मन से बदला लेने का भाव रखता है। रावण भी मरते समय गरजता है, राम कहॉं है मैं ललकारकर उसे युद्ध में मारूँगा - कहॉं राम रन हतौं पचारी। मृत्यु के आकस्मिक संकट की अवस्था में व्यक्ति की कोई चालाकी नहीं चलती । जो अंदर होता है वही अंत समय में बाहर आता है। गांधीजी को गोली लगी तो उनके अंतिम शब्द थे - 'हे राम'। इससे हम गांधीजी की उच्च आध्यात्मिक अवस्था का अनुमान लगा सकते हैं।

अंतिम समय तो परीक्षा की घड़ी है जिसमें वही उत्तर लिखेंगे जो जीवन भर पढ़ा होगा। वह कौन सा तरीका है जिससे उत्तर ठीक लिखा जाए इसका उत्तर है ईश्वर का सतत स्मरण, अपने कार्यों को ईश्वर के निमित्त करना और ईश्वर को समर्पण करना। परंतु दुनिया की झंझटों में ईश्वर की याद आएगी कैसे श्री रामकृष्ण परमहंस कहते हैं कि जैसे दॉंत के दर्द में व्यक्ति अपना दुनियावी कार्य तो करता है पर बीच-बीच में टीस याद दिलाती रहती है कि दॉंत में पीड़ा है। इसी प्रकार अपने काम के बीच-बीच में ईश्वर का स्मरण करते रहना है। यह विधि सदैव मृत्यु के प्रति सजग रखती है और मृत्यु के प्रति सजगता ही भरपूर जीवन जीने की पहली सीढ़ी है। ऐसी सजगता में किसी से मिलते हैं तो इस प्रकार के गहरे भाव से जैसे यह अंतिम मुलाकात हो। जो काम आज करना है वह तत्परता से होता है क्योंकि कल का तो भरोसा नहीं है। जो काम कल होना है उसकी चिंता नहीं होती क्योंकि मृत्यु की सजगता में कल का अस्तित्व ही नहीं है। यह सजगता हमें वर्तमान में जीना सिखा देती है। भूत और भविष्य दोनों हमारे मस्तिष्क के उत्पाद हैं। उनका कोई अस्तित्व नहीं है। जो है वह तो वर्तमान है। वर्तमान में जीना ही ध्यान है। मृत्यु की सजगता से जीवन के द्वार खुल जाते हैं।

मृत्यु की सजगता एक बात है परंतु दूसरी बात इससे भी अद्भुत है। वह है ईश्वर से अनायास मृत्यु की मॉंग। एक प्रसिद्ध श्लोक है - अनायासेन मरणं बिना दैन्येन जीवनम् । देहान्ते तव सायुज्जं देहि में परमेश्वरम्। इसमें ईश्वर से अचानक मृत्यु, बिना दीनता का जीवन और मृत्यु पश्चात् ईश्वर में लीन होने की प्रार्थना की गई है। जो अचानक, सहज मृत्यु मॉंगेगा वह मृत्यु के प्रति सजग तो रहेगा ही। सहज और आकस्मिक मृत्यु की मॉंग चेतना की उच्चस्तरीय अवस्था में ही हो सकती है। मृत्यु तो अवश्यंभावी और आकस्मिक है परंतु इसे अनुभव करते हुए इस सजगता में जीना हमारा जीवन बदल सकता है। यह आंतरिक दशा दूसरों को अनुभव में नहीं आ सकती वह तो अंतिम समय में मुँह से निकले शब्दों से ही अनुमान कर पांगे।

## भय को निकालें

जब क्रियता का संवेदन होता है तो अक्रियता का संवेदन भी होगा। हमारे सारे तनाव इस परिधि में हो रहे हैं। क्रियता का संवेदन हो, क्रिय मिले, क्रिय को वियोग न हो और अप्रियता का योग न हो। बस, सारी तनाव की यह सीमा है। इसी सीमा में सारे तनाव प्रकट हो रहे हैं। पर मूल में जो छिपा हुआ कारण कार्य कर रहा है, वह मात्र एक ही है- प्रियता का संवेदन, अप्रियता का संवेदन। अब यह संवेदन है तो भय भी पैदा होगा। एक छोटी सी कहनी है। एक आदमी बहुत डरता था। वह समझदार आदमी के पास गया जो मंत्र को जानता था। उसके पास जाकर बोला, %मुझे डर बहुत लगता है। उसने ताबीज बना दिया और कहा, इसको बांध लो। तुम्हारा डर समाप्त हो जाएगा। ताबीज बांध लिया। डर लगना कम हो गया। पर मंत्र जानने वाला व्यक्ति कुछ दिन बाद ही आया और पूछा- भाई ! अब डर तो नहीं लगता? उसने कहा, जो काल्पनिक था, वह तो नहीं लगता किन्तु एक डर और पैदा हो गया। निरन्तर मन में भय बना रहता है कि कहीं ताबीज गुम न हो जाए। एक भय तो समाप्त हुआ, दूसरा भय और आ गया। जब यह दृष्टि मूल में बनी रहती है कि प्रिय का वियोग न हो जाए, अप्रिय का योग न हो जाए, तब भय अनिवार्य है। उस मूल कारण से तनाव पैदा होता है। जब प्रिय संवेदन की भावना है, उसका तनाव भी पैदा होता है। हमारे जीवन के संचालन के केन्द्र में जो तत्व है, वह है लोभ। मनोविज्ञान के अनुसार हर व्यक्ति में कुछ मौलिक मनोवृत्तियां होती हैं। जीने की इच्छा भी इसी में एक है।

# मातृ दिवसः- सागर भी गहरा है माँ का वासत्सल्य

**डॉ. वंदना सेन**

भारतीय संस्कृति में माँ शब्द में एक ऐसा अपनापन है। जिसमें ममता की गहराई है, वात्सल्य का ऐसा अमूल्य खजाना है, जो दुनिया में कहीं अन्यत्र नहीं मिल सकता। इसीलिए हमारे महापुरुषों ने माँ को भगवान का दर्जा दिया है, वहीं किसी भी बच्चे के लिए प्रथम गुरु भी केवल माँ ही है। वास्तव में आज के वातावरण में भी माँ की अद्भुत ममता का कोई मुकाबला नहीं है। कहते हैं किसी व्यक्ति के पास दुनिया की सारी दौलत है और माँ नहीं है, तो वह दुनिया का सबसे बड़ा गरीब आदमी है। दुनिया में धन तो परिश्रम करके भी कमाया जा सकता है, लेकिन माँ का प्यार पैसे से कभी नहीं खरीदा जा सकता है। कहते हैं भगवान हर समय हर जगह उपलब्ध नहीं हो सकता हैं, इसी लिए भगवान ने माँ को बनाया हैं। हालांकि माँ की महानता को प्रदर्शित करते हुए बहुत कुछ लिखा जा चूका है, पढाया जा चुका हैं पर फिर भी माँ की महिमा इतनी अपरंपार है कि इसके बाद भी सब कम ही लगता हैं। वास्तव में माँ की महानता के लिए शब्द दे पाना अत्यंत ही दुष्कर कार्य है। भारत में माँ को पूजने के लिए एक दिन नहीं, पूरी जिंदगी लोग लगा देते हैं। कहा जाता है कि माँ की ममता अनमोल है, उसकी कीमत कोई नहीं चुका सकता है। जन्म से पूर्व भी माँ हमको नौ महीने तक संभाल कर रखती है। यत्र नार्यन्तु पूज्यते, रमन्ते तत्र देवता। जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं। यहां देवता का आशय किसी मूर्ति या चित्र से नहीं है, बल्कि एक ऐसे वातावरण से है, जो भारतीय वातावरण से ओतप्रोत है। जहां ऐसी मानसिकता का आंतरिक बोध है जो समस्त भूमंडल पर नारी की शक्ति को प्रकट करती हैं। वास्तविकता यह है कि नारी भगवान द्वारा की गई ऐसी रचना है, जिसके हृदय में सूर्य जैसा तेज, समुद्र जैसी गहरी गंभीरता, मन को स्नेह भाव



सिक्त करने वाली चन्द्रमा जैसी शीतलता और पृथ्वी जैसी सहनशील करने वाली क्षमता है। इसलिए भारतीय संस्कृति में नारी का सर्वोच्च स्थान है। कहने का तात्पर्य यही है कि नारी ही शक्ति है और नारी ही नारायणी है।

वर्तमान समय में घर का उचित रूप से कामकाज संभालने वाली नारी दोहरी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही है। अपने कुशल प्रबंधन के चलते नारी इस भूमिका में अपनी सार्थकता को बेहतर तरीके से प्रमाणित करती है। कहा जाता है किसी भी व्यक्ति की प्रथम गुरु उसकी माँ होती है। किसी व्यक्ति में जो भाव और संस्कार माँ देती है, वह उसके सम्पूर्ण जीवन का महत्वपूर्ण आधार होती है। यह भाव ही व्यक्ति के जीवन की दिशा तय करते हैं। कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं, इस मामले में माँ की बड़ी भूमिका होती है। माँ चाहे तो अपने बच्चों का भविष्य बना सकती है, चाहे तो बिगाड़ सकती है। इसलिए किसी भी व्यक्ति के लिए मां का स्थान पूजा के स्थान से कम नहीं होता। जिसके मन में माँ या नारी के प्रति श्रद्धा भाव रहता है, उसके जीवन में समाधान की राह प्रशस्त होती जाती है।

महिलाओं के बारे में यह कहना किसी प्रकार की अतिशयोक्ति नहीं है कि नारी समाज की शिल्पकार होती है। वह परिवार और समाज को उत्थान के मार्ग पर ले जाने का अभूतपूर्व सामर्थ्य भी रखती है। आज परिवार में जो वातावरण दिखाई देता है, उसे बनाने में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह सर्वथा प्रामाणिक तथ्य है कि जब हम एक आदमी को शिक्षित करते हैं तो मात्र एक व्यक्ति ही शिक्षित होता है, लेकिन जब आप किसी नारी को शिक्षित करते है तो एक पूरी पीढ़ी को तो शिक्षित किया ही जाता है, बल्कि पूरे वातावरण में शिक्षा की सुरभि को प्रवाहित करते हैं। कहा जाता है कि जब आसपास के वातावरण में शिक्षा की सुगंध प्रसारित होती है तो वहां निवास करने वाले व्यक्ति सुख और शांति के साथ जीवन यापन करते हैं।

वर्तमान में महिलाओं ने जिस शक्ति का अहसास कराया है, वह अतुलनीय है। हालांकि भारत में नारी की महत्ता को किसी भी जमाने में कम नहीं माना गया। पुरातन काल में भी भारतीय नारी ने पुरुषों के उत्थान में कदम कदम पर सहारा दिया है। जहां तक आध्यात्मिक और धार्मिक पक्ष की बात है तो यही कहा जाता है कि पुरुष यदि शिव है तो नारी उसकी शक्ति है। सीता हैं तो राम है, राधा है तो कृष्ण है। महिला भगवान से भी बड़ी है। तभी तो दोनों के नाम का एक साथ उच्चारण करने पर नारी का नाम पहले आता है। माँ के उपकारो का वर्णन करना तो असंभव है।

## सूडोकु नवताल- 6064

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | 1 | 9 | | |
| | | | | | | 8 | 5 | |
| | | | 7 | 3 | | | | |
| | | | 3 | | | | 4 | 7 |
| 9 | | | | | | | | 2 |
| 8 | 5 | | | | 6 | | | |
| | | | | 5 | 8 | | | |
| | 7 | 4 | | | | | | |
| | | 6 | 2 | | | | | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6063 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# मदर्स डे

**डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन**

मेरी माँ श्रीमती समुंद्री बाई जैन के प्रति विनम्र श्रन्धांजलि .मुझे इस बात का बहुत दुःख हैं की मैं अपने माता- पिता की मृत्यु के समय नौकरी के कारण समय पर उपस्थित न होकर, कोई सेवा नहीं कर पाया था .इस हेतु मृत आत्माओं से उत्तम क्षमा भाव रखते हुए ,सभी जनों से निवेदन हैं की हमारे जन्मदाताओं की उपेक्षाएँ कभी न करे .यह बहुत बड़ा अपराध बोध होता हैं जिसकी कसक जिंदगी भर रहती हैं .माँ बाप की सेवा ईश्वर सेवा से भी बढ़कर होती हैं .

मदर्स डे को यूरोप में मदरिंग संडे भी कहा जाता है मदर्स डे को यूरोप में मदरिंग संडे भी कहा जाता है मदर्स डे को मां का दिन कहा जाता है. ये दिन मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है. इस साल ये खास दिन 8 मई को सेलिब्रेट किया जायेगा. वैसे तो साल का हर दिन मां के नाम होता है लेकिन खासतौर पर इस दिन लोग अपनी मां को स्पेशल फील कराने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं. वहीं आजकल शहरों से लेकर गांवों तक लगभग सभी जगह लोग अपने-अपने अंदाज में मदर्स डे मनाते हैं.

जिंदगी के कई रिश्तों के बीच मां के साथ एक बच्चे का सबसे खास रिश्ता होता है. बच्चे को जन्म देने से लेकर हर सुख और दुख में मां ही है, जो हमेशा बच्चे के साथ खड़ी मिलती है. वैसे तो किसी के लिए भी लाइफ में मां की अहमियत को शब्दों में बयान कर पाना काफी मुश्किल होता है. बावजूद इसके साल का एक दिन मातृत्व के महत्व को सौंप दिया जाता है, जिसे हम मदर्स डे के



रूप में मनाते हैं. इस साल मदर्स डे 8 मई को मनाया जायेगा.

मई महीने के दूसरे रविवार को भारत सहित दुनिया के कई देशों में मदर्स डे मनाया जाता है. हालांकि, किसी एक दिन को मां के नाम करना काफी नहीं होता है. मगर, सोशल मीडिया और इंटरनेट के इस दौर में मदर्स डे मनाने का प्रचलन काफी बढ़ गया है. जिसके चलते कई लोग मदर्स डे काफी धूमधाम से मनाते हैं.

मदर्स डे की शुरूआत एना जॉर्विस नाम की एक अमेरिकन महिला ने की थी. दरअसल, एना का अपनी मां के तरफ बेहद खास लगाव था. एना अपनी मां से काफी ज्यादा इंस्पायर हुआ करतीं थीं. हालांकि, बाद में अपनी मां की मृत्यु के बाद एना ने शादी न करने का फैसला लेते हुए अपना जीवन अपनी मां के नाम करने का संकल्प लिया. इसी कड़ी में अपनी मां को सम्मान देने के लिए एना ने मदर्स डे की शुरूआत की. इसीलिए ईसाई समुदाय के कई लोग इस दिन को वर्जिन मेरी के नाम से भी पुकारते हैं. वहीं यूरोप में इसे मदरिंग संडे कहा जाता है.

### मई के दूसरे रविवार को क्यों मनाते हैं

एना जॉर्विस ने मदर्स डे की नींव जरूर रखी लेकिन औपचारिक रूप से मदर्स डे की शुरूआत 9 मई 1914 को अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने की थी. इस दौरान अमेरिकी संसद में कानून पास कर हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मदर्स डे मनाने का एलान किया गया. तब से अमेरिका, यूरोप और भारत सहित कई जगहों पर मदर्स डे मनाया जाने लगा. वहीं दुनिया के कई देशों में मदर्स डे मार्च महीने में भी मनाया जाता है.

### मदर्स डे का महत्व

मां के महत्त्व को समझते हुए मदर्स डे का सेलिब्रेशन हर कोई अपने अनोखे अंदाज में करता है. खासकर भारत में बच्चे अपनी मां को स्पेशल फील कराने के लिए कुछ न कुछ खास करने का प्लान जरूर बनाते हैं. कुछ लोग इस दिन मां को घर के कामों से छुट्टी देकर बाहर घूमने के लिए भेजते हैं, तो कुछ लोग मां को उनका फेवरेट तोहफा या ग्रीटिंग्स देकर मदर्स डे विश करते हैं. वहीं सोशल मीडिया पर भी मदर्स डे के कई सारे कोट्स शेयर किए जाते हैं.

मौत के लिए बहुत रास्ते हैं पर,जन्म लेने के लिए केवल माँ है..!!

एक ऐसा डॉक्टर जिसे डिग्री की ज़रुरत नहीं होती, वो है माँ..!! हैप्पी मदर्स डे।

## कोरोना से कितने मरे ?

**वेदप्रताप वैदिक**

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना से मरनेवाले भारतीयों की जो संख्या जताई है, यदि वह ठीक हो तो वह भारत के लिए बहुत ही चिंता और लज्जा का विषय है। उसके आंकड़े अगर प्रामाणिक हों तो भारत सरकार कहीं मुंह दिखाने लायक भी नहीं रहेगी। भारत सरकार का कहना है कि कोरोना के दो वर्षों में भारत में मौतों की संख्या 4 लाख 81 हजार रही है लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपट कहती है कि यह संख्या 40 लाख 74 हजार है। याने सरकार ने जितनी बताई है, उससे लगभग दस गुना है। यह एक और दस का अंतर क्या बताता है? क्या यह नहीं कि या तो वह विश्व संस्था झूठ बोल रही है या भारत सरकार ने झूठ बोला है? यह तो ठीक है कि जब ऐसी प्राकृतिक आपदाएं आती हैं तो दुनिया की सभी सरकारें उन्हें कम करके दिखाना चाहती हैं ताकि लोगों पर उनकी यह छवि बने कि उन्होंने जनहित के खातिर कितना जबर्दस्त काम कर दिखाया है लेकिन क्या कोई सरकार इतनी बड़ी धांधली कर सकती है कि वह 10 को 1 में बदल दे? भारत-जैसे खुले देश में ऐसा करना संभव नहीं है। भारत कोई रूस, चीन या उत्तर कोरिया जैसा देश नहीं है, जहां खबरपालिका प्रायः लकवाग्रस्त होती है। भारत में संसद है, विपक्ष है और हमारे नौकरशाह भी इतने मरियल नहीं है कि कोई सरकार इतनी बड़ी धांधली करे और वे हाथ पर हाथ धरे बैठे रहें। इसके अलावा भारत की जनता हालांकि उद्दंड नहीं है लेकिन वह इतनी साहसी जरुर है कि वह किसी भी सरकार का निकम्मापन बर्दाश्त नहीं करेगी। वास्तव में विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस रपट का मुख्य उद्देश्य यही सिद्ध करना है कि भारत में कोरोना की वजह से लोग मरते रहे और सरकार खर्राटे खींचती रही। यह ठीक है कि शुरु के कुछ दिनों में सरकार ने काफी लापरवाही दिखाई। 2020 में लगभग 40 लाख लोगों ने समुचित चिकित्सा के अभाव में प्राण त्यागे लेकिन वे सब क्या कोरोना के रोगी थे? क्या यह सत्य नहीं हैं कि भारत के डाक्टरों, नर्सों और अन्य कर्मचारियों ने अपनी जान पर खेलकर करोड़ों लोगों को जीवन-दान दिया है? तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने उस जानलेवा माहौल में जिस कर्मठता का परिचय दिया है, वह विलक्षण थी। इसके अलावा हमारे आयुर्वेदिक काढ़े के करोड़ों पेकेटों और भारत के घरेलू मसालों ने कोरोना-युद्ध में कमाल कर दिखाया था। भारत के मुकाबले अमेरिका, यूरोप और चीन में जितने लोग मरे हैं, यदि जनसंख्या के अनुपात के हिसाब लगाएं तो वे कई गुना ज्यादा हैं।

# 40 हजार का इनामी डकैत कल्ली गुर्जर, भाई एवं बहनोई के साथ गिरफ्तार





### -गिरफ्तारी के बाद कल्ली गैंग का हुआ सफाया, बदमाशों का निकाला जुलूस

**मुरैना।** पिछ्ले कुछ समय से मुरैना जिले की पुलिस के लिए सिरदर्द बन गए डकैत कल्ली गुर्जर गैंग का शनिवार को पुलिस ने पूरी तरह सफाया कर दिया और सरगना सहित उसके सभी इनामी रिश्तेदार गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही से कैलारस पहाड़गढ़ क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। पुलिस द्वारा कल्ली गुर्जर के एक भाई को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के मार्गदर्शन में इनामी फरारी बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। इसी निर्देशन में क्राइम ब्रांच और अलग-अलग थानों की पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए शनिचरा के जंगल से दो इनामी बदमाशों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार 40 हजार रूपये का इनामी डकैत कल्ली गुर्जर को भाई व बहनोई सहित पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक ने मीडिया को बताया कि डकैत कल्ली गुर्जर को उसके भाई बंटी गुर्जर व बहनोई गिर्राज गुर्जर के साथ पुलिस ने शनिश्चरा के जंगलों में हुई मुठभेड़ के बाद पकड़ा है। बंटी व गिर्राज गुर्जर पर भी 10-10 हजार रुपये का इनाम घोषित है। पुलिस अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली कि कल्ली गुर्जर ऐंती गांव में वारदात की नीयत से आया हुआ है। सूचना पर से पुलिस ने घेराबंदी की तो डकैत पहाड़ी से भागने लगे, इसी दौरान कल्ली गुर्जर गिर गया और एक पांव टूट गया। इसके बाद उसकी गैंग के दो साथियों को भी घेराबंदी करके दबोच लिया। पुलिस ने डकैत कल्ली से 315 बोर की बंदूक 11 जिंदा राउण्ड तथा बंटी के पास 315 बोर का देशी कट्टा तथा 4 जिंदा राउण्ड जब्त किए हैं। डकैत कल्ली गुर्जर ने 27 अप्रैल 2022 को पहाडगढ़ थाना क्षेत्र के स्याईटेक गांव में चार साल की बच्ची से सगाई करने के लिए एक परिवार पर हमला किया और दहशत फैलाने के मकसद से गांव में ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। एसपी के अनुसार पुलिस ने दो दर्जन संरक्षणदाताओं व सहयोगियों के मोबाइन को सर्वलाइंस में लगाया हुआ था और उसके आधार पर सफलता भी मिली। इस तरह पुलिस ने क्षेत्र में आतंक का पर्याय बन रहे डकैत कल्ली गुर्जर के गिरोह का सफाया कर आतंक का खात्मा कर दिया है।



## शताब्दी के इंजन में आई खराबी, 2 घंटे रुकी रही मुरैना

**मुरैना।** दिल्ली भोपाल शताब्दी एक्सप्रेस के इंजन में आई खराबी के चलते शनिवार की सुबह उक्त गाड़ी मुरैना रेलवे स्टेशन पर 2 घंटे तक खड़ी रही और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा, इस बजह से पीछे आने वाली कई ट्रेन भी प्रभावित हुई। बताया जाता है कि शताब्दी एक्सप्रेस दिल्ली से अपने सही समय से चल रही थी कि मुरैना के नजदीक आते ही कोई पशु इंजन से टकरा गया और इंजन मैं जा फंसा और इस कारण इंजन में तकनीकी खराबी आ गई। जैसे-तैसे गाड़ी मुरैना रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई और इसकी सूचना रेल मंडल को दी गई। इस दौरान 2 घंटे तक शताब्दी एक्सप्रेस मुरैना रेलवे स्टेशन पर खड़ी रही और यात्री परेशान होते रहे। जब दूसरा इंजन मुरैना पहुंचा तब शताब्दी एक्सप्रेस अपने गंतव्य की ओर रवाना हुई। इस कारण पीछे आने वाली कुछ गाड़ियां भी थोड़ी थोड़ी देर के लिए प्रभावित रही।

## महिला ने लगाया कांग्रेस प्रदेश महासचिव पर धमकाने का आरोप

**मुरैना।** जिले के जोरा तहसील की निवासी एक महिला ने मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव पर गुरुवार को घर आकर एक प्रकरण में जातिसूचक गालियां देते हुए राजीनामा कर जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने पुलिस अधीक्षक मुरैना को आवेदन देकर कार्यवाही की मांग की है। श्रीमती रानी शाक्य पत्नी अनिल निवासी सबलगढ़ हाल निवासी जोरा तहसील जिला मुरैना ने बताया कि प्रार्थी के साथ किए गए दुष्कर्म के आरोपियों प्रदीप, लवकुश, ओमपाल और उक्त आरोपियों में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव जसवीर गुर्जर के ताऊ का लड़का शामिल है। महिला ने आरोप लगाया कि जसवीर द्वारा गुरुवार की शाम 8 बजे उसके घर आया।

# "लाड़ली लक्ष्मी योजना" ने नरेन्द्र की मुश्किलों को किया आसान

**मुरैना।** नगर निगम मुरैना के वार्ड क्रमांक 37 निवासी नरेन्द्र मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। वर्ष 2022 में बालिका प्रियल का जन्म हुआ तो गरीबी के कारण नरेन्द्र को उसकी पढ़ाई लिखाई, पालन-पोषण और भविष्य में बेटी की आगे की परिवरिश को लेकर चिंता होने लगी। एक दिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू शाक्य घर पर आई और उसने बताया कि आपके घर में बेटी ने जन्म लिया है, उसको लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिलायें। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू शाक्य ने नरेन्द्र को बताया कि बेटी का लाड़ली लक्ष्मी योजना में आज ही पंजीयन कराओं, इस योजना से बच्ची की पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ जब वह बड़ी होकर शादी लायक होगी तो उसके खाते में 1 लाख रूपए से अधिक जमा हो जाएंगे। यह सुनकर नरेन्द्र को अंदर ही अंदर खुशी की लहर दौड़ गई और उसने बेटी प्रियल का आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को जन्म-प्रमाण पत्र, फोटो और परिवार आईडी देकर पंजीयन लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत करा दिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मंजू शाक्य ने बताया कि प्रियल बड़ी होगी और जब वह 6वीं कक्षा में प्रवेश करेगी तो उसे पहली बार लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत छात्रवृत्ति के रूप में 2 हजार रूपये मिल जायेंगे, जिससे उसके आगे की पढ़ाई का खर्चा उठाना नरेन्द्र के लिये आसान हो जायेगा। प्रियल जब कक्षा 9वीं में आयेगी तो लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत छात्रवृत्ति की दूसरी किश्त के 4 हजार



रूपये उसके खाते में जमा हो जायेंगे और जब वह कक्षा 12वीं में जायेगी तो 4 हजार रूपये ई-पेमेन्ट के माध्यम से मिलेंगे। जिससे अब वह आगे की पढ़ाई जारी रख सकेगी। नरेन्द्र यह सोच कर बहुत खुश होता है कि गरीबी उसकी बेटी प्रियल के भविष्य में आड़े नहीं आयेगी, क्योंकि लाड़ली लक्ष्मी योजना की मदद से वह लखपति जो बन जाएगी।

### मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ग्रेडिंग में मुरैना टॉप फाइव में

**मुरैना।** मध्यप्रदेश पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की ग्रेडिंग में जिला पंचायत मुरैना की ग्रेडिंग 31 मार्च में टॉप फाइव की स्थिति में आने पर मध्यप्रदेश शासन ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव ने जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह को प्रशंसा पत्र दिया है। जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह के सतत् नेतृत्व में यह उपलब्धि प्राप्त की है। इसमें जिले को कुल 5 अंको में से 4.25 अंक प्राप्त हुए है। जिसमें समस्त शाखाओं को भी अच्छी ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। इसमें योजनावार मनरेगा, आवास, एमडीएम, पँचायत सहित इनको ए-ग्रेड और आजीविका मिशन, एसबीएम, सीएम हेल्पलाइन में बी-ग्रेड रही है। कुल अंक 34, जिले को 5 में से 4.25 अंक रहे है। वहीं ए-प्लस ग्रेड के साथ प्रदेश में 5वीं रैंक प्राप्त हुई है, जो गौरव का विषय है। इसके लिये कलेक्टर द्वारा जिला पंचायत टीम को शुभकामनायें भी दी गई है। इस उपलब्धि के लिये रोशन कुमार सिंह ने जिला पंचायत की टीम को बॉटम से टॉप के लिये संयमित व सतत् कार्य करते हुए प्रगति के लिये प्रयासरत रहने के लिये कार्य हेतु नियोजित रूप से सलंग्न किया है।

## गोवंश को काटने ले जाते तीन आरोपी गिरफ्तार




**मुरैना।** माता बसैया थाना पुलिस ने करणी सैनस के जिलाध्यक्ष की रिपोर्ट पर से तत्काल मौके पर पहुंचकर गोवंश काटने के लिए ले जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध गोवंश अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूद्र प्रताप सिंह 20 वर्ष निवासी बड़ोखर मुरैना अपने दोस्त सुनील सिकरवार के साथ शुक्रवार को शाम 5 बजे कुतवार स्थित सूर्य मंदिर के दर्शन कर लौट रहा था, तो एक खेत में कुछ लोग बछड़ा एवं सांड को बुरी तरह बांधकर ले जाने की कोशिश कर रहे थे। रुद्र प्रताप सिंह ने इसकी सूचना थाने पर दी और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता पूर्वक कार्रवाई करते हुए आरोपी मान सिंह पुत्र हरलाल बंजारा, रामलाल एवं फूल सिंह निवासीगण रसदपुरा को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

## चम्बल के सुमित कुशवाह का मध्य प्रदेश रणजी ट्राफी कैंप में चयन



**मुरैना।** चम्बल डिवीजन सीनियर और अंडर 23 टीम में शामिल रह कर बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सुमित कुशवाह का मध्य प्रदेश रणजी ट्रॉफी कैंप में चयन हुआ है। विदित हो कि सुमित कुशवाह मूल रूप से दाहिने हाथ के ओपनिंग बैट्समैन और विकेटकीपर हैं। इस वर्ष के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन हुआ है। इस अवसर पर चम्बल डिवीजन क्रिकेट एशोसिएशन के अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया एवं कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत मेहता और सचिव तस्लीम खान सहित चम्बल डिवीजन के पूरे परिवार ने और मुरैना के समस्त खिलाडियों ने सुमित कुशवाह को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।





# सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में सोमवार तक प्रगति चाहिये: कलेक्टर

### डब्ल्यूआरडी के कार्यपालन यंत्री को नोटिस एवं 4 दिन का वेतन काटने के निर्देश

**मुरैना।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण हो, इसके लिये मुख्यमंत्री लगातार अधिकारियों को कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेस समाधान ऑनलाइन आदि के माध्यम से सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा कर रहें है। समीक्षा इसलिये की जा रही है कि लोगों को समय पर निराकरण मिले। इस संबंध में कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने शुक्रवार को नवीन कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के निराकरण में सोमवार तक प्रगति चाहिये। जो अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में प्रगति नहीं दिखायेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्वाही होगी। बैठक से अनुपस्थित रहने पर डब्ल्यूआरडी के कार्यपालन यंत्री एचएन शर्मा को कारण बताओ नोटिस, एक दिन का वेतन काटने एवं पिछले सप्ताह सीएम हेल्पलाइन में प्रगति न दिखाने पर 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिये कि पिछले सप्ताह सोमवार को सीएम हेल्पलाइन निराकरण करने का लक्ष्य सभी अधिकारियों को दिया गया था, किन्तु कई अधिकारियों ने इसमें कोई रूचि नहीं ली है। उनकी वजह से मुरैना जिला बॉटम-5 में पहुंच सकता है। यह स्थिति मुरैना की बनी तो ठीक नहीं होगा।



# तालाब की क्वालिटी में किसी भी प्रकार समझौता स्वीकार नहीं: कार्तिकेयन

### कलेक्टर ने जौरा विकासखण्ड के तीन तालावों का किया औचक निरीक्षण

**मुरैना।** अमृत सरोवर के तहत मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुरैना जिले में 106 तालावों का निर्माण 15 जून तक किया जाना है। निर्देशों के तहत कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने शुक्रवार को जौरा विकासखण्ड के भैंसरोली, मोधना जवाहर और बिण्डवा-देवगढ़ के निर्माणाधीन तालावों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्माण एजेन्सियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि तालावों की क्वालिटी में कम्प्रोमाइज नहीं होगा। तालवों के दोंनो ओर से मजबूती की जाये, जिससे पानी सीपेज न हो सके। भ्रमण के समय जिला पंचायत के सीईओ रोशन कुमार सिंह, एसडीएम जौरा विनोद सिंह, जनपद सीईओ जौरा गिर्राज शर्मा सहित संबंधित तालाबों के इंजीनियर, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं अन्य अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर बी.कार्तिकेयन ने कहा कि तालाव की तकनीकी एवं प्रशासकीय स्वीकृति लेते समय यह ध्यान रखा जाये कि पानी का बहाव तालाव की ओर हो। ऐसा न हो कि बरसात के समय तालाव में पानी एकत्रित न हो सके। जब पानी तालाव में नहीं पहुंचेंगा तो अमृत सरोवर का मकसद पूर्ण नहीं हो पायेगा। मुख्यमंत्री की मंशा है कि अमृत सरोवर तालावों का निर्माण पंचायतों में हो जिससे गांव का पानी गांव में ही रूके तो वाटर लेवल बढ़ेगा, साथ ही पशुओं के लिये पीने का पानी भी उपलब्ध रहेगा। कलेक्टर ने कहा कि तालाव के आसपास पौधरोपण किया जाये। पौधे की जड़ों से कटाव भी रूकेगा।



# जनता की सेवा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगें: मुख्यमंत्री श्री चौहान

## स्व दिलीप भटेरे की पुण्यतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री शिवराज एवं गायक हंसराज

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट।** प्रदेश में महिला सशक्तिकरण का महायज्ञ शुरू हो रहा है जनता की सेवा के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। स्वास्थ्य शिविर मे आये बेटे-बेटियों का ईलाज सरकार करेगी। जनता किसी बात की चिंता नहीं करे। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए जहां जैसी आवश्यकता होगी वहां ईलाज करवाया जायेगा। स्वास्थ्य शिविर से कोई भी निराश होकर न जाये, कोई भी बिना ईलाज के नहीं रहेगा। यह उद्गार मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वर्गीय श्री दिलीप भटेरे की 15 वीं पुण्य तिथि के अवसर पर किरनापुर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय श्री दिलीप भटेरे में सेवा समर्पण एवं क्षेत्र के विकास की भावना थी। उनके द्वारा किये गये कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य किये जायेंगें। इस तारतम्य में जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर एवं आजीविका मिशन की महिलाओं का सम्मेलन भी आयोजित किया गया ।






### महिला स्व सहायता समूह अब सड़क भी बनायेंगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कोविड काल में जिन बच्चों ने अपने माता-पिता को खो दिया है सरकार उन बच्चों को प्रति माह 05 हजार रुपये की पेंशन प्रदान करेगी और उनके भविष्य को संवारने के लिए आगे की पढ़ाई का खर्चा भी सरकार वहन करेगी। उन्होंने स्व सहायता समूहों की बहनों को रोड रोलर के नवाचार के लिए बधाई दी और कहा कि महिलायें अब बड़ी, पापड़, अचार, खाद्य सामग्री, साबुन, डिटर्जेंट पाउडर से आगे निकल कर गांव की सड़के भी बनायेंगी। यह महिला सशक्तिकरण के महायज्ञ की शुरूआत है। प्रदेश में स्व सहायता समूहों के माध्यम से बच्चों के लिए पोषण आहर, शाला गणवेश एवं राशन वितरण का काम भी समूहों की बहने कर रही है। उन्होंने बताया कि स्व सहायता समूहों के द्वारा प्रदेश में सालाना 20 हजार करोड़ रुपये का टर्न ओवर है। स्व सहायता समूहों में लगभग 40 लाख बहनें जुड़ी है। स्व सहायता समूहों को सशक्त करने के लिए 03 हजार करोड़ रुपये बैंक लिंकेज के माध्यम से खातों में डाले जायेंगें। शासन की मंशा है कि बहने हर माह कम से कम 10 हजार रुपये की आय अर्जित करें। बेटियों के सशक्तिकरण व लिंगानुपात में बालाघाट जिला प्रदेश में अव्वल है। यहां बेटा एवं बेटियों को एक समान भाव से देखा जाता है। 8 मई को प्रदेश भर में लाड़ली लक्ष्मी दिवस मनाया जायेगा। इस योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश के लिंगानुपात में वृद्धि हुई है।

### किरनापुर एवं परसवाड़ा कालेज में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारंभ होंगी, हट्टा में खुलेगा कालेज

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कृषि प्रधान बालाघाट जिले में कृषकों द्वारा सभी मौसम में फसल उत्पादन किया जाता है। फसलों की सिंचाई के लिए बिजली की कमी नहीं होने देंगें। उन्होंने कहा कि बालाघाट जिले में प्रधानमंत्री आवास प्लस की सूची में लगभग 85 हजार नाम जोड़े गये है। प्रदेश सरकार की मंशा है कि सबके लिये पक्का मकान हो, इसके लिए इस साल 10 लाख आवास निर्माण के लिए 10 हजार करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। इस दौरान उन्होंने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय दिलीप भटेरे महाविद्यालय किरनापुर में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारंभ की जायेंगी। हट्टा में महाविद्यालय इसी सत्र में प्रारंभ हो जायेगा। परसवाड़ा में स्नातकोत्तर कक्षायें प्रारंभ की जायेगी। लामता प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन कर देंगें। बालाघाट-गोंदिया मार्ग पर सरेखा में रेलवे ओव्हर ब्रिज की स्वीकृति बजट में हो चुकी है और शीघ्र ही इसका निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेगा। इससे जनता को आवागमन में सुगमता होगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में स्थानीय भाषा को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी अब हिन्दी में कराई जायेगीहै

### समूहों द्वारा वसूली गई राशि का कमीशन सिंगल क्लिक से किया गया भुगतान

जिले की 179 ग्राम पंचायतों से नल-जल कर, प्रकाश कर, संपत्ति कर एवं स्वच्छता कर वसूली कार्य स्व सहायता समूहों द्वारा किया गया है, उक्त कर वसूली कार्य के बदले समूहों को पारिश्रमिक राशि माह कुल वसूली राशि की 15 प्रतिशत राशि प्रदाय किया जाना निर्धारित किया गया है। अब तक स्व सहायता समूहों द्वारा 67 लाख 52 हजार 834 रुपये वसूल किये गये है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कुल वसूल राशि का कमीशन 10 लाख 12 हजार 925 रुपये का भुगतान सांकेतिक रूप से सिंगल क्लिक के माध्यम से किया ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कन्या पूजन कर 169 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया तथा विभिन्न योजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्वर्गीय दिलीप भटेरे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। मध्यप्रदेश शासन के आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशोर नानो कावरे ने कार्यक्रम में परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 55 ग्रामों की पेयजल योजना के लिए 146 करोड़ रुपये की स्वीकृति दिये जाने पर मुख्यमंत्री श्री चौहान के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हट्टा में कालेज, परसवाड़ा में स्नातकोत्तर कक्षायें एवं लामता में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाये जाने की मांग की थी।

### बालाघाट रेल्वे ओव्हर ब्रिज की जरूरत - गौरीशंकर बिसेन विधायक बालाघाट

मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष एवं विधायक श्री गौरीशंकर बिसेन ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारारा सर्राटी सिंचाई परियोजना के लिए 30 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये है। अब बालाघाट में नया साईंस कालेज एवं रेल्वे ओव्हर ब्रिज की जरूरत है। पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे ने स्वागत उद्बोधन देकर मुख्यमंत्री श्री चौहान द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्यों की जानकारी देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से काम करने कहा। उन्होंने किरनापुर में कन्या छात्रावास खोलने की मांग की। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशार ÷नानो÷ कावरे, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री प्रदीप जायसवाल, जिला पंचायत की प्रधान श्रीमती रेखा बिसेन, सांसद डॉ ढालसिंह बिसेन, विधायक सुश्री हिना कावरे, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, श्री के डी देशमुख, श्री भगत सिंह नेताम, डॉ योगेन्द्र निर्मल, श्रीमती धारेश्वरी भटेरे, जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री बी चन्द्रशेखर, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, अन्य गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री का हेलीपेड पर भव्य स्वागत

हेलिपेड पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशार ÷नानो÷ कावरे, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष श्री गौरीशंकर बिसेन, खनिज विकास निगम के अध्यक्ष श्री प्रदीप जायसवाल, पूर्व विधायक श्री रमेश भटेरे, जबलपुर संभाग के कमिश्नर श्री बी चन्द्रशेखर, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ब्लॉक कोलारस के अध्यक्ष बने कुलेंद्र कुमार जैन



**अनिल कुशवाह ब्युरो पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-विगत दिवस प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन जिला शिवपुरी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से शिवपुरी जिला कार्यकारिणी ने कोलारस ब्लॉक अध्यक्ष पद पर कुलेद्र कुमार जैन संचालक जय कान्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल डेहरवारा कोलारस को जिम्मेदारी दी इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे द्व इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार शर्मा , जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष धीरज शर्मा जी, जिला सचिव गोपेंद्र जी जैन,ब्लॉक अध्यक्ष जिनेंद्र जैन जी संगठन मंत्री प्रमोद चौधरी जी सचिव गजेंद्र शिवहरे जी, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता जी , कोलारस रियल कान्वेंट स्कूल के संचालक रिक्की विश्वकर्मा जी ने मिलकर कुलेंद्र कुमार जैन जी को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी ।

### मजदूर बच्चों के साथ बाटी खुशी



**संतोष सिंह भदोरिया दैनिक पुष्पांजलि न्यूज़**

**गोरमी**/नीरज यादव भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गोरमी के पुत्र आर्यन यादव के जन्मदिन के शुभ अवसर पर गरीबों के बच्चों को जाकर फल तथा मिठाइयां वितरण की और मजदूरों के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन इस मौके पर नीरज यादव उदयबीर यादव मोहित बहन अनामिका यादव छोटू अंकित प्रताप यादव श्री कांत यादव भी हुए उनकी खुशियों में हुए शामिल और जन्मदिन के शुभ अवसर पर अपना आशीर्वाद प्रदान किया

### विधायक जयवर्धन सिंह का हुआ भव्य स्वागत।

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश के प्रदेश महामंत्री युथ कांग्रेस एवं किसानों के हित में सदा साथ रहने वाले युवा श्री सौरभ शर्मा जी ने आज ग्वालियर स्थित सेंटर पार्क होटल में विधायक श्री जयवर्धन सिंह का भव्य स्वागत किया।कांग्रेस की मीटिंग में कई महत्वपूर्ण विन्दुओं पर चर्चा की गई।एवं आगामी योजनाओं के विस्तार के बारे में भी बताया गया।इस अवसर पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेता व समाज सेवी मौजूद रहे।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी का मेहगांव में हुआ भव्य स्वागत

### कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव रामहरि शर्मा के नेतृत्व में हुआ स्वागत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर**

**मेहगांव ।** भिंड दतिया के एक दिवसीय दौरे पर शक्तिपीठ पीतांबरा माई दतिया से दर्शन कर मेहगांव में पधारे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्यप्रदेश काग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष माननीय सुरेश पचौरी का मेहगांव आगमन पर कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री रामहरि शर्मा के नेतृत्व में शासकीय अस्पताल मेहगांव के सामने भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी जी ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसी प्रकार हम सब को एकजुटता के साथ एकजुट होकर किसान मजदूर और गरीबों की हित में लड़ाई लड़ना है और हमारी यह जंग तब तक जारी रहेगी,जब तक हम 2023 में कांग्रेस की सरकार नहीं बनाएगे। इसी क्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री माननीय पचौरी जी को को आश्वस्त करते हुए मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव रामहरि शर्मा ने कहा कि निश्चित ही कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी लगन और ईमानदारी से मेहनत कर रहा है और हम आने वाले समय में भिंड जिले की पांचों विधानसभा में कांग्रेस का परचम लहराएंगे। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार चौधरी, वरिष्ठ नेता इलियास खान, एडवोकेट पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुभाष राठौर, पिछड़ा वर्ग काग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष जबर सिंह कुशवाह, म.प्र.किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री सरदार सिंह गुर्जर, नाथूराम नागर, मनीष शिवहरे, संदीपन शर्मा, कल्लू गर्ग, रमेश काँकर, मोहन सिंह गुर्जर, इमरान खान, श्याम गुर्जर,आशीष शर्मा, गिरीश शर्मा, बृजेश मौर्य, अतेंद्र गुर्जर, कल्लू साँई, सुलेमान खान, विनोद शर्मा, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## चार धाम यात्रा के लिए सिर्वी समाज,कुक्षी का 14 दर्शनार्थियों का दल 7 मई को होगा रवाना

पुष्पाजंली टुडे

**कुक्षी** -चारधाम यात्रा का आगाज हो चुका है अक्षय तृतीया के दिन तीन मई को गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। केदारनाथ के कपाट 06 मई और बदरीनाथ धाम के कपाट आठ मई को खुलेंगे। कोविड के चलते विगत दो साल से यात्रा स्थगित रही। उत्तराखंड की विश्वप्रसिद्ध चारधाम यात्रा इस बार रिकॉर्ड तोड़ेगी,यानी की देवधामों के दर्शन को लेकर तीर्थयात्री अपार उत्साहित हैं। वर्ष 2020 और 2021 में यात्रा कोरोना के चलते स्थगित रही थी,अब हालात सामान्य हैं और यात्रा की तैयारी जोरो से चल रही है। कुक्षी सिर्वी समाज से किशोर काग , कलाबाई काग, कैलाश हम्मड़ ,जानुबाई हम्मड़ ,बाबूलाल काग,पार्षद तेजुबाई काग, शंकर हम्मड़, सुष्माबाई हम्मड ,भानाजी सौलंकी ,शान्ताबाई सोंलकी उनकी बेटी अम्बिका सोंलकी किरण जीजी चोयल,मीरा जीजी, लक्ष्मण सोंलकी सभी दर्शनार्थी 07 मई 2022 को श्री आईमाताजी मंदिर से शाम 4 बजे निकलेंगे सिर्वी समाज सकल पंच समिति की कार्यकारणी के अधक्ष्य कांतिलाल गेहलोत ने कहा आप सभी की यात्रा मधुर पलों और असाधारण यादों से भरी रहे। में आई माताजी से प्राथना करता हूं कि आप सभी यात्रा मंगलमय हो व समाजजनों ने सभी यात्रियों को सफल व सुसम्पन्न यात्रा की बधाई दी।



## नेताओं को डबल पेंशन, सरकारी कर्मचारियों को नो पेंशन



आज के दौर में सरकारी नौकरी का पहले जैसा महत्व नहीं रहा। पहले लोग सरकारी नौकरी इसलिए लेना चाहते थे क्योंकि सरकारी नौकरी की पॉलिसी प्राइवेट नौकरियों की पॉलिसी से बहुत ही अच्छी आरामदायक रहती थी, लेकिन मौजूदा दौर में सरकारी नौकरियों की पॉलिसी अब इतनी खास नहीं रही इससे अच्छी पॉलिसी प्राइवेट नौकरियों में मिलने लगी है। इसका मुख्य कारण यह हो सकता है कि सरकारी कर्मचारियों को उनका हक पुरानी पेंशन उन्हें नहीं मिल रही है, नई पेंशन के रूप में उन्हें सिर्फ 800 से 1500 रूपए प्रति माह मिल रहा हैं। इस नई पेंशन से महंगाई के जमाने में ठीक से दवाइयां भी नसीब नहीं होगी। वहीं अब बात करें जनप्रतिनिधियों की जो अपने आप को जनसेवक कहते हैं यह बिना किसी परीक्षा को पास किए लोगों के मत से सरकारी तंत्र में आ जाते हैं और लोगों के टैक्स के बदौलत आजीवन अपना जीवन यापन कर रहे हैं, चाहे वह 1 दिन का भी विधायक या मंत्री क्यों न हो। आज के लेख में पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर बात करेंगे। हम सभी को पता है कि 1 अप्रैल 2004 से पेंशन बंद हो गई है, नई पेंशन प्रणाली में बीमा प्रीमियम की तरह सरकारी कर्मचारियों को खुद अंशदान करना पड़ता है। जितना ज्यादा अंशदान, रिटायरमेंट पर उतनी ज्यादा पेंशन। लंबे समय से पुरानी पेंशन को बहाल करने की मांग उठती रही है, अब तो पुरानी पेंशन की बहाली को लेकर विपक्ष ने भी मुद्दा बना लिया है। आम जनता में यही धारणा बनी है कि चुने हुए नेताजी खुद अपने लिए वेतन-भत्ते बढ़ा लेते हैं, पर कर्मचारियों की मांगों को अनसुना कर दिया जाता है। अक्सर सवाल उठते हैं कि आमतौर पर समृद्ध बैकग्राउंड से आने वाले जनप्रतिनिधियों को क्या आजीवन पेंशन देना ठीक है? अगर हां, तो 60 साल की उम्र तक अपना जीवन खपाने वाले सरकारी कर्मचारियों को पेंशन क्यों नहीं? सांसद-विधायकों और आम लोगों में अंतर का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि कोई एक दिन के लिए भी सांसद बन जाए तो उसकी लॉटरी लग जाती है, उसे जीवनभर 25 हजार रुपये की पेंशन मिलती है। वैसे नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी सैलरी का आकर्षण सबमें होता है और लोग ज्यादा पैसे के लिए एक से दूसरी कंपनी में स्विच भी करते हैं। पर नेताओं की बात अलग है। वे मिल-फैक्ट्री या कंपनी के कर्मचारी नहीं होते हैं। वे जनसेवा की दुहाई देकर सार्वजनिक क्षेत्र में जीवन बिताने राजनीति में आते हैं। बात करते है पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री से लेकर कई वामपंथी नेताओं की तो, ये नेता जब रिटायर हुए उनके पास कमाई गई कोई दौलत नहीं थी। अकाउंट भी खाली था क्योंकि वे सिर्फ नैरेटिव सेट करने के लिए जनसेवा नहीं करते थे। उन्होंने सच में अपनी आमदनी को जनसेवा के लिए खर्च कर दिया था। आज के समय में चुनाव प्रचार में होने वाले बेतहाशा खर्च से सोचा भी नहीं जा सकता कि कोई गरीब इंसान चुनाव भी लड़ सकता है। हां, पार्टी फंड से चुनाव लड़कर संसद या विधानसभा पहुंचने वालों की संख्या कम ही है। अधिकतर वहीं चुनाव लड़ते है जिनके पास बेतहाशा पैसा हो और गवाने के लिए कुछ भी न हो। हाल ही में राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ की सरकार में अपने प्रदेशों में पुरानी पेंशन योजना लागू करने का निर्णय लिया है हालाकि यह निर्णय केंद्र सरकार को नीचा दिखाने के उद्देश्य से भी लिया जा सकता है क्योंकि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार है, लेकिन फायदा तो लोगों को मिलना ही है। वहीं पंजाब में मान की सरकार ने विधायकों की पेंशन को लेकर बड़ा फैसला लिया हैं। अब पंजाब में किसी भी विधायक को एक पेंशन ही दी जाएगी, अब तक नेताजी जितनी बार विधायक बनते थे सबके लिए अलग-अलग पेंशन मिलती थी। इन राज्यों के अलावा गुजरात राज्य एकमात्र ऐसा राज्य है जहां विधायकों को पेंशन नहीं दी जाती है। अपने देश में नियम ऐसे हैं कि अगर कोई नेता पूर्व सांसद या विधायक की पेंशन ले रहा है और फिर से मंत्री बन जाता है तो उसे मंत्री पद के वेतन के साथ ही पेंशन भी मिलती है। वहीं सांसदों और विधायकों को डबल पेंशन लेने का हक है। अगर कोई विधायक रहा हो और बाद में सांसद बन जाए तो उसे दोनों की पेंशन मिलती है। पेंशन के लिए कोई न्यूनतम समयसीमा तय नहीं है, यानी कितने भी समय के लिए नेताजी सांसद रहे हों पेंशन पाने के हकदार रहेंगे। मृत्यु होने पर भी परिवार को आधी पेंशन मिलती है। अपने मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में विधायकों को पांच साल कार्यकाल के बाद ही पेंशन देने के लिए जब मांग उठी थी तो राज्य सरकार ने जवाब दिया कि विधायकों को उनकी सेवाओं के बदले में पेंशन दी जाती है। तो सरकार को सरकारी कर्मचारियों के बारे में भी सोचना चाहिए था। कर्मचारी भी कह सकते हैं कि वे जीवनभर नौकरी करते हैं, वे भी जनता की सेवा ही करते हैं तो उन्हें उनकी सेवाओं के बदले पेंशन क्यों नहीं? बहरहाल पुरानी पेंशन की बहाली का मुद्दा अब हर राज्यों में उठ गया है बस विपक्ष इस मुद्दे को लेकर जल्द बैकफुट में न आ जाए, वहीं आने वाले चुनाव में भी पुरानी पेंशन को लागू करने का सबसे बड़ा मुद्दा बनाया जायेगा।

**आयुष रामटेक्कर**
**लांजी, बालाघाट**

## नेशनल लोक अदालत 14 को बिजली बिलों में मिलेगी छूट

**भोपाल।** बिजली कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 और धारा 138 के तहत प्रकरण बनाकर विशेष न्यायालयों (विद्युत अधिनियम) में दायर किये जा चुकें है। 14 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में ऐसे उपभोक्ता छूट का लाभ ले सकते है। ऐसे प्रकरण जो कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किये गये है, उन्हें आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत व ब्याज की राशि 100 प्रतिशत छूट दी जायेगी। बिजली कंपनी ने नेशनल लोक अदालत में लगे प्रकरणों में संबद्ध उपभोक्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है, जिससे वे विद्युत राशि में मिलने वाली छूट का लाभ ले सकें।

## डीएपी एवं यूरिया खाद के अग्रिम उठाव की अपील

**भोपाल।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा सभी कृषक बंधुओं से कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार यूरिया एवं डीएपी खाद का अग्रिम उठाव करने की अपील की है। आगामी खरीफ मौसम के दृष्टिगत कृषकों की आवश्यकता के लिए यूरिया, डी.ए.पी., सुपर, एवं एन.पी.के. आदि उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण किया जा रहा है। उर्वरकों की लगातार रैक जिलों में लग रही हैं एवं समस्त सेवा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास इन उर्वरकों का पर्याप्त भण्डारण है। कृषक भाईयों से आग्रह है कि खरीफ मौसम में बोई जाने वाली फसलों के लिए आवश्यकता अनुसार उर्वरकों का अग्रिम उठाव करें। जिससे पिछले वर्ष की भांति कृषकों को बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े।

## स्नातकोत्तर उपाधि वाले अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 11 -12 को

**भोपाल।** शिक्षक पात्रता परीक्षा में सह-विषय में स्नातकोत्तर उपाधि की पात्रता वाले अभ्यर्थियों का लोक शिक्षण संचालनालय के परिपत्र 19 अप्रैल 2022 के अनुसार 11 मई और 12 मई 2022 को दस्तावेज सत्यापन किया जायेगा। सह-विषय में स्नातकोत्तर उपाधि अर्जित करने वाले उच्च माध्यमिक शिक्षक की प्राविधिक चयन सूची और प्रतीक्षा सूची में सम्मलित अभ्यर्थियों की सूची एज्यूकेशन पोर्टल और एमपी ऑनलाईन पोर्टल पर अपलोड की गई है। आयुक्त लोक शिक्षा ने बताया कि अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन केन्द्र शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय शिवाजी नगर भोपाल रखा गया है। सूची में अंकित अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों एवं दो स्व-प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ निर्धारित तिथि और समय पर दस्तावेज सत्यापन केन्द्र पर उपस्थित होकर दस्तावेज सत्यापन कराएंगे।

## कुम्हारी कार्य शिल्पी, कारीगरों को प्रशिक्षण

**भोपाल।** कौशल विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण योजनान्तर्गत कुम्हारी कार्य शिल्पी, कारीगरों को जिला एवं संभाग तथा राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। राज्य स्तरीय एवं संभाग स्तरीय प्रशिक्षण आवासीय रहेगा एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण गैर आवासीय होगा। माटीशिल्पी, कारीगरों जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष हो एवं जो कम से कम पांचवीं उत्तीर्ण हो और जो प्रशिक्षण के इच्छुक हो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र मध्य प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा 09 मई तक स्वीकार किए जायेंगे। आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड जिला पंचायत परिसर से संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

## राशन दुकानों पर अन्न उत्सव आज, मुफ्त मिलेगा खाद्यान्न

**भोपाल।** प्रदेश के साथ-साथ राजधानी भोपाल में भी आज अन्न उत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान पात्र हितग्राहियों को मुफ्त राशन दिया जाएगा। शहर की सभी 464 राशन दुकानों पर अन्न उत्सव के दौरान बेहतर व्यवस्था करने के लिए कलेक्टर अविनाश लवानिया ने निर्देश दिए हैं। उत्सव के दौरान सभी दुकानों पर जनप्रतिनिधि और निगरानी समिति के सदस्य भी मौजूद रहेंगे। हितग्राहियों से फीडबैक के लिए फार्म भी भरवाए जाएंगे। शहर की सभी 464 उचित मूल्य की दुकानों पर शनिवार को अन्न उत्सव कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इस दौरान पात्र हितग्राही को प्रति सदस्य पांच किलो खाद्यान्न, चार किलो गेहूं, एक किलो चावल एक रुपये प्रति किलो के हिसाब से वितरित किया जाएगा।

## मुरैना पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी जी की ताबड तोड कारवायी गुर्जर गैंग का किया सफाया...

# ईनामी डकैत कल्ली गुर्जर अपने ईनामी भाई वन्टी गुर्जर के साथ किया गिरफ्तार

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**मुरैना...** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी की मात्र 65 की कप्तान कमान मे कल्ली गुर्जर गैग का सफाया किया दिनांक 07/05/22 को मुखबिर की सूचना पर से शनिचरा के जंगल से दो ईनामी बदमाशों को मय हथियार के गिरफ्तार किया गया पकड़े गये बदमाशो में ईनामी डकैत कल्ली गुर्जर अपनी 315 बोर की बंदूक, 11 जिन्दा राउण्ड व अन्य दैनिक उपयोग की सामाग्री के साथ गिरफ्तार किया गया बदमाश कल्ली गर्जर पर मुरैना व शिवपुरी जिले में कई गंभीर अपराध पंजीबद्ध हैं जिनमें बदमाश फरार चल रहा था दूसरा बदमाश डकैत कल्ली गुर्जर का भाई बंटी गुर्जर 315 बोर के देशी कट्टे व 04 ज़िन्दा राउण्ड के साथ गिरफ्तार किया गया बादमाश बंटी गुर्जर थाना पहाडगढ़ के अपराध में फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी पर मुरैना जिले से ईनाम घोषित था।

पकडे गये बदमाशों द्वारा हाल ही के दिनों में स्याही के टेक थाना पहाडगढ में कई अंधाधुंध फायर कर दहशत फैलायी थी




जिसकी मुरैना पुलिस को बडी सरगर्मी से तलाश थी मुरैना एसपी ने अपनी सूझबूझ से भूमिका बनाकर बिश्वसनीय मुखबिर तन्तु द्वारा एक एक कर गुर्जर गैग का सफाया कर दिया जो कि एक अपने आप मे रिकॉर्ड है उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कैलारस निरीक्षक दैबेन्द्र कुशवाह व उनकी टीम, थाना सिविल लाईन प्रभारी निरीक्षक प्रवीण चौहान व उनकी टीम, थाना प्रभारी रिठौराकलां उनि संजय सिंह किरार, सउनि अजय वैशान्दर व सायबर सेल प्रभारी सचिन पटेल व टीम आर. योगेन्द्र सिंह, आर.मंगल सिंह गुर्जर, आर.दिलीप गुर्जर, आर.संजीव अटल, आर.मीरेन्द्र सिंह, आर.रवि पटेल, आर.अजीत गुर्जर, आर.सरवजीत आर.सोनेद्र सिंह, आर.शेर सिंह, आर.सुरेन्द्र सिंह, आर.प्रदीप सिंह, आर. अरविन्द सिंह आर.अनिल सिंह, आर.संजय गुर्जर व आर.मुनेन्द्र चौहान, पहाड़गढ़ थाना प्रभारी उनि धर्मेन्द्र गौर व उनकी टीम, थाना प्रभारी रामपुर उनि अरूण कुशवाह व उनकी टीम, चौकी प्रभारी झुण्डपुरा सउनि सोवरन सिंह यादव व उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा है।

# भाजयुमो कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मनाएगा

### 15 मई से 15 जून तक चलेंगे यूथ कनेक्ट अभियान

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा कुशाभाऊ ठाकरे जन्मशताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मनायेगी । जिसमें प्रदेश के युवाओं को जोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा 15 मई से 15 जून के बीच यूथ कनेक्ट अभियान चलायेगा। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में संभाग, जिला और मंडल तक भाषण प्रतियोगिता, सोशल मीडिया कैंपेन और युवा सम्मेलन आयोजित होंगे। भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत सेन के नेतृत्व में यूथ कनेक्ट अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई जिसमें मुख्य रूप से संभागीय प्रभारी भाजयुमो प्रदेश मंत्री शुभेन्द्र गौड़ और भाजपा जिला अध्यक्ष राजू बाथम मौजूद रहे। बैठक में संभागीय प्रभारी भाजयुमो प्रदेश मंत्री शुभेन्द्र गौड़ ने बताया कि आगामी समय में मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं, ऐसे में भारतीय युवा मोर्चा युवाओं की फौज खड़ी कर रहा है. इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी और वरिष्ठ नेतृत्व का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में भारतीय जनता पार्टी में युवाओं की फौज हो, इसको लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा मिशन युवा मोर्चा प्रदेशभर में युवाओं को जोड़ने अभियान शुरू करने जा रहा है। यह अभियान 15 मई से 15 जून तक चलेगा।



संभागीय प्रभारी शुभेन्द्र गौड़ ने बताया कि यूथ कनेक्ट अभियान के पहले चरण में 15 मई से 22 मई के बीच युवाओं के लिए राष्ट्रीय मुद्दों पर भाषण प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तर पर भाषण प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी जिला स्तर पर एवं जिला स्तर पर विजयी प्रतिभागी संभागीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। संभाग स्तर पर जो प्रतिभागी विजयी होंगे, उन्हें प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

वहीं अभियान के दूसरे चरण में सोशल मीडिया कैंपेन 23 से 27 मई के बीच चलाया जायेगा। जिसके अंतर्गत युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय प्रतीकों के साथ सेल्फी, भाषण प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के भाषण क्लीप और देश भक्ति पर आधारित गीतों के वीडियो ग्लीप सोशल मीडिया पर अपलोड करेंगे। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

तीसरे और अंतिम चरण 1 जून से 15 जून में प्रदेश स्तरीय संभागीय सम्मेलन में प्रदेश के संभाग केंद्रों में प्रदेश स्तरीय संभागीय सम्मेलन आयोजित करेगा। युवा सम्मेलनों में वकील, खिलाड़ी, कलाकार, नवमतदाता, डॉक्टर, इंजीनियर, किसान, व्यवसायी एवं सोशल मीडिया पर सक्रिय युवा सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि संभागीय सम्मेलनों में पार्टी एवं मोर्चा के राष्ट्रीय नेतागण, केंद्रीय मंत्रिगण एवं प्रदेश नेतृत्व का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

इस बैठक में मुख्य रूप से संभागीय प्रभारी भाजयुमो प्रदेश मंत्री शुभेन्द्र गौड़, जिला अध्यक्ष राजू बाथम जी, भाजपा महामंत्री सोनू बिरथरे , गगन खटीक, पृथ्वीराज जादौन , भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष आकाश शर्मा , भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रुद्राक्ष गोलू गौड़ , युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवनीत सेन सहित भाजयुमो के सभी जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गाड़ियों के लिए वीआईपी नंबर खरीदने का आज आखिरी दिन

**इंदौर।** वीआईपी नंबरों के शौकीनों के लिए परिवहन विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली नंबरों की बोली का आज आखिरी दिन है। अब तक 42 नंबरों पर बोली लगी है, इसमें से सबसे अधिक नंबर कार के हैं। आज रात 12ः00 बजे तक आवेदक बोली लगाकर अपना पसंदीदा नंबर खरीद सकेंगे। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार मई माह की पहली नीलामी एक मई से शुरू हो गई थी, जो आज शनिवार की रात 12 बजे तक चलेगी। उपलब्ध नंबरों पर सबसे अधिक बोली लगाने वाले व्यक्ति को विजेता घोषित किया जाएगा। पिछली नीलामी में कार के नंबरों की नई सीरीज एमपी 09 डब्ल्यूएम के वीआइपी नंबर शामिल किए हैं, इसलिए उम्मीद है कि इस बार की बोली में भी कई नंबर बिकेंगे। शनिवार सुबह तक 42 नंबरों पर बोली लग चुकी है। सभी नंबरों पर सिंगल दावेदार हैं। इन नंबरों में भी सबसे अधिक नंबर कार के ही हैं, जिसकी नई सीरीज खुली है। इसके बाद दोपहिया वाहनों के नंबर है।






## मुख्यमंत्री से ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस ने की भेंट

### मुख्यमंत्री चौहान ने चंदेरी का प्रसिद्ध गमछा पहना कर किया स्वागत

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से ब्रिटिश हाई कमिश्नर एलेक्स एलिस और डिप्टी हाई कमिश्नर एलेन गेमेल ने निवास कार्यालय में भेंट की। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने एलेक्स एलिस को चंदेरी का प्रसिद्ध गमछा पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट, यूनाइटेड किंगडम और मध्यप्रदेश के बीच शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करने की संभावनाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री चौहान ने पर्यटन सहित पर्यावरण-संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, ग्लोबल वार्मिंग के लिए प्रदेश में जारी गतिविधियों की भी जानकारी दी। खाद्यान्न, तिलहन, दलहन सहित फलों और सब्जियों के क्षेत्र में राज्य में हुई प्रगति के दृष्टिगत व्यवसायिक संभावनाओं पर भी बातचीत हुई। प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन संजय कुमार शुक्ला तथा प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास मनीष सिंह उपस्थित थे।

# अमृत सरोवर के तहत निर्माणाधीन तालाबों के पूर्ण होने से बढ़ेगा जलस्तर : सीईओ जिला पंचायत

### ग्राम पंचायत बड़ेरा के अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर जिला पंचायत सीईओ ने किया श्रमदान

**राकेश परिहार, पुष्पांजली टुडे**

**पिछोर,** शिवपुरी मध्य प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप जनपद पंचायत पिछोर की ग्राम पंचायत बडेरा में अमृत सरोवर (तालाब) का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिस पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, ई ई आर ई एस राजीव पांडे पिछोर एसडीएम जेपी गुप्ता जनपद सीईओ पुष्पेंद्र व्यास सहित ग्राम पंचायत बड़ेरा के प्रधान ने श्रमदान किया इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ठेकेदारों और ग्रामीण लोगों से अपील की है कि जल संरक्षण के तहत कराए जा रहे जल संरक्षण की सब लक्षणों के कामों पर अपनी अपनी स्वेच्छा अनुसार श्रमदान करें और जिनके पास ट्रैक्टर और प्लाऊ जेसीबी मशीन या ट्रैक्टर सुपा है ऐसे लोग भी जनभागीदारी के रूप में अपने वाहनों से उक्त काम में सहयोग कर सकते हैं आज ग्राम पंचायत बड़ेरा के काले नाले पर बन रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य पर बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहकर श्रमदान किया यह तालाब लगभग 1200000 रुपए की लागत में बनकर तैयार होगा जिसमें डायमंड कंटेंशकसन कंपनी के द्वारा एक द्य×ह्ल मशीन और पांच डंपर जनभागीदारी के रूप में काम करने के लिए दिए हैं उक्त तालाब ग्राम पंचायत बडेरा और ग्राम पंचायत छिरवाहा के मध्य बन रहा है इस अवसर पर जनपद पंचायत पिछोर के सहायक यंत्री विनोद चित्तौड़िया एपीओ मनरेगा एनके शर्मा उपयंत्री सुधीर शर्मा शशि पाल सिंह नैना घनश्याम झा छोटू सिंह यादव सचिव सुरेंद्र शर्मा कछुआ अजब सिंह लोधी सहायक सचिव हरि शरण लोधी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने श्रमदान किया



## सेवाधाम आश्रम उज्जैन में फिर एक की मौत

**भोपाल।** प्रदेश के उज्जैन सेवाधाम आश्रम में एक और 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। अन्य आठ लोगों को उपचार के लिए आरडी गार्डी मेडिकल कालेज में भर्ती करवाया गया है। इससे पहले मंगलवार को भी

## सरपंच का तुगलकी फरमान, 2 मटके से ज्यादा भरा पानी तो होगी कार्रवाई

**डिंडौरी।** देश के लगभग सभी राज्य इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं. कई राज्यों में पानी की भारी किल्लत भी झेलनी पड़ रही है. मध्यप्रदेश के डिंडौरी जिले के एक गांव में भी लोग पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं. यहां के ग्रामीणों को रोजाना केवल 2 ही मटके पानी भरने को मिल रहा है. इतना ही नहीं इस गांव में पानी की समस्या इतनी विकट है कि सरपंच को इसके लिए मुनादी करानी पड़ी. डिंडौरी जिले में आने वाले अझवार गांव में सरपंच में हाल ही में मुनादी कराई है। इसमें कहा गया है कि सभी ग्रामीणों को रोजाना केवल 2 ही मटके पानी भरने की अनुमति होगी. इससे ज्यादा पानी भरने पर कार्रवाई की जाएगी. इस व्यवस्था से सभी को पानी मिल सकता है. जानकारी के मुताबिक इस गांव में केवल एक ही हेंडपंप है. जो बस स्टेंड के पास है. इसमें भी गर्मियों के दिनों में पानी कम हो जाता है. ऐसे में सभी गांव वालों को कम से कम 2 मटके पानी तो मिल जाए, इसलिए यह मुनादी की गई है।

### पीएचई विभाग का दावा नहीं है पानी की दिक्कत

वहीं पूरे मामले के बारे में पीएचई विभाग बिल्कुल अलग ही दावे करता है. पीएचई विभाग के कार्यपालन यंत्री शिवम सिन्हा ने बताया कि अझवार गांव में बस स्टेंड के पास हेंडपंप लगा है. इसमें पर्याप्त पानी है. इस नल पर महिलाएं बर्तन और कपड़े धोती हैं. इस कारण पानी की समस्या हो जाती है. शिवम सिन्हा ने बताया कि इस गांव की आबादी करीब 600 है. वहीं गांव में करीब 6 हैंडपंप चालू हैं।

### मजबूरी में करानी पड़ी मुनादी

गांव के जनपद सदस्य राजेश कुशराम ने बताया कि गांव में पानी की किल्लत है. एक ही नल से पानी सभी को भरना पड़ता है. इस कारण इसमें पानी सूख जाता है. इसलिए सभी की सहमति से गांव में मुनादी कराई गई है।

## भीषण गर्मी में प्रदेश में पेयजल संकट के हालात

# 53 निकायों में एक दिन तो 16 में दो दिन छोड़कर हो रही पेयजल आपूर्ति

**भोपाल।** प्रदेश के नगरीय निकायों में भी पेयजल आपूर्ति की स्थिति गड़बड़ा रही है। 53 नगरीय निकायों में एक दिन छोड़कर जलप्रदाय किया जा रहा है तो 16 निकायों में दो दिन छोड़कर पेयजल की आपूर्ति हो रही है। छिंदवाड़ा की डोगरपरासिया नगर पालिका में तीन दिन में एक बार जलप्रदाय हो पा रहा है। कई जगह टेंकरों से जल परिवहन करके व्यवस्था बनाई जा रही है। यह बात नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह द्वारा नगरीय निकायों में जलप्रदाय की स्थिति की समीक्षा में सामने आई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट की कमी नहीं है। किसी भी निकाय में पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए। जहां भी जरूरत हो टेंकर से पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।



मंत्रालय में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सिंह ने नगर निगम आयुक्त और मुख्य नगर पालिका अधिकारी से पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि जिन निकायों में प्रतिदिन जलप्रदाय नहीं हो पा रहा है, वहां 245 टेंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था बनाई है। आयुक्त ग्वालियर ने बताया कि छह साल बाद एक अप्रैल 2022 से प्रतिदिनि पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

विभागीय मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन नगरीय निकायों में दो दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, वहां दूसरे दिन और जहां एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है, वहां प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करें। अमृत प्रोजेक्ट के सलाहकार समय पर रिपोर्ट दें और पर्याप्त पानी के स्त्रोत भी चि-त करें। मुलताई में रेलवे लाइन के पास पाइप लाइन डालने के लिए डीआरएम नागपुर से चर्चा करने और कटनी में प्रतिदिन पेयजल की आपूर्ति करने के प्रबंध किए जाएं। नगर परिषद मेघनगर की पेयजल योजना का काम 15 दिन में पूरा किया जाए। बैठक के दौरान सिंह ने पानखेड़ी (कालापीपल) में अमृत योजना के काम में विलंब पर मल्टी अरबन कंपनी को ब्लेकलिस्ट करने का निर्णय लिया गया। साथ ही अधीक्षण यंत्री को मंडीदीप में दो दिन रुककर पेयजल योजना की समीक्षा करके काम में तेजी लाने और पुराने ठेकेदार को ब्लेकलिस्ट करने के निर्देश दिए।

# पति को बताई देवर की करतूत पहले मानी नहीं फिर फांसी लगाकर दे दी थी जान



**ग्वालियर।** ग्वालियर में भाभी को अकेला देखकर देवर ने जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद फोटो और ङ्कद्बष्ठश्वह्र बनाकर ब्लैकमेल कर शोषण करने लगा। घटना हजीरा के बिरला नगर स्थित लाइन नंबर दस की है। जब घटना के बारे में महिला ने पति को बताया तो पहले उसने विश्वास नहीं किया।

बल्कि पत्नी को गलत समझकर घर से निकाल दिया। पर जब बाद में हकीकत पता चली तो बदनामी के डर से उसने फांसी लगाकर जान दे दी। पर आरोपी महिला के पति की मौत के बाद भी नहीं माना। जिसके बाद पीड़िता ने मामले की शिकायत हजीरा थाने में की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हजीरा स्थित लाइन नंबर छह निवासी 28 वर्षीय रानी (परिवर्तित नाम) का विवाह लाइन नंबर दस निवासी युवक से हुआ था। शादी के कुछ ही माह बाद पति, सास व देवर विवाहिता को परेशान करने लगे तो महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की तो पति व ससुराल वाले उसे राजीनामा कर ले आए। पर ससुराल में आने के बाद देवर उससे गलत हरकत करने लगा। जब वह विरोध करती तो उसे व बच्चों को जान से मारने की धमकी देता। एक दिन वह घर पर अकेली थी तो देवर ने उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और मुंह खोलने पर बच्चों व उसे मारने की धमकी दी।

### पति को नहीं हुआ विश्वास

वारदात की शिकार पीड़िता ने घटना की जानकारी पति को दी तो उसने विश्वास नहीं किया और मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। इसके बाद पति ने मारपीट कर पत्नी घर से निकाल दिया। इसके बाद वह बच्चों के साथ अलग किराए से कमरा लेकर रहने लगी, लेकिन यहां पर भी देवर उसके फोटो और ङ्कद्बष्ठश्वह्र सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा।

### मुझे बचाया और खुद ने अपनी जान दे दी

शोषण से परेशान होकर महिला मार्च 2022 में जान देने के लिए रेलवे ट्रैक पर पहुंची तो देवर ने पति को सूचना दे दी। जिस पर पति पुलिस लेकर आया और उसके साथ मारपीट कर उसे वापस ले आया। तब उसने अपने साथ हो रही ज्यादती के सबूत पति को दिए तो पति ने बदनामी के डर से परेशान होकर फांसी लगाकर जान दे दी। शोषण और पति द्वारा जान देने से दुखी पीड़िता कुछ दिन तक चुप रही, लेकिन देवर न हीं माना तो वह शुक्रवार को थाने पहुंची और मामले की शिकायत पुलिस से की।




## पति की ईमेल आईडी पर पत्नी ने अनजान आईडी से भेजी धमकी, ब्लैकमेल किया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में एक पति अपनी पत्नी से परेशान है। पहले से लड़ झगड़कर पत्नी अलग रह रही है अब उसे ईमेल आईडी पर धमकी भरे मैसेज व बदनाम करने के मैसेज भेज रही है। इन में कुछ अश्लील मैसेज भी हैं। यह मैसेज एक अनजान आईडी से भेजे गए हैं। पर युवक ने पत्नी को इसके पीछे साजिशकर्ता बताया है। घटना बहोड़ापुर आनंद नगर की है। परेशान पति ने मामले की शिकायत बहोड़ापुर थाने में की है। पुलिस ने युवक की पत्नी के खिलाफ धमकाने का मामला दर्ज कर लिया है। बहोड़ापुर क्षेत्र के आनंद नगर निवासी अजय (बदला हुआ नाम) एक प्राइवेट कंपनी में जॉब करते हैं। कुछ समय से उनके ई-मेल आईडी पर धमकी भरे मैसेज आ रहे हैं। मैसेज करने वाला धमकात तो है साथ ही कुछ आपत्तिजनक फोटो, मैसेज भी कर रहा है। कुछ दिन तक उन्होंने इन सब को एक इत्तेफाक समझा, लेकिन जब लगातार इस तरह के मैसेज आए तो उनको पूरा माजरा समझ में आया। अजय का पत्नी से विवाद चल रहा है। उसे आशंका है कि यह हरकत उसकी पत्नी द्वारा की जा रही है। वह उस पर लाछन लगाकर उसे बदनाम करना चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय वनवासी लीला नाट्य महोत्सव 19 से

**ग्वालियर।** संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से 19 और 20 मई को वनवासी लीला नाट्य महोत्सव का आयोजन होगा। जेयू के गालव सभागार में होने वाले इस महोत्सव में दो नाटकों का मंचन किया जाएगा। इसमें भक्तिमति शबरी और निषादराज गुह का मंचन किया जाएगा। दोनों नाटकों का मंचन शाम 7 बजे से होगा। इसमें लोगों का प्रवेश निःशुल्क रखा गया है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**ग्वालियर।** डबरा के सिटी थाना क्षेत्र में सन्यास आश्रम के पास मुख्य मार्ग पर एक चार पहिया वाहन ने एक बाइक सवार युवक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक टक्कर लगने से सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चार पहिया वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार शहर के रामगढ़ क्षेत्र में रहने वाले बलवान सिंह माथुर अपनी बाइक से अपने घर रामगढ़ आ रहे थे। तभी एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क किनारे गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।पुलिस ने आरोपी वाहन चालक की तलाश प्रारंभ कर दी है।

### महिला से मारपीट करने वाले बाप-बेटों को सजा

**दतिया।** जमीन बेचने के बाद पैसे मांगने पर महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी बाप-बेटों को भांडेर न्यायालय ने एक-एक साल के सश्रम कारावास व पांच-पांच सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक मीडिया सेल प्रभारी एवं पैरवीकर्ता विमल चंदवारिया ने बताया कि 15 मई 2015 को फरियादी सुनीता के ससुर घनाराम और जेठ वीरेंद्र ने मिलकर 3 लाख रुपए की जमीन बेची थी। सुबह करीब 8 बजे जब फरियादिया के पिता और भाई को फोन पर बुलाया और खर्चे के पैसे मांगे तो इसी बात पर से आरोपियों ने फरियादिया की लाठियों व डंडों से मारपीट की जिससे उसके शरीर पर जगह-जगह चोटें आईं। जब वह चिल्लाई तो उसके पिता व भाई ने बचाया। आरोपियों ने कहा कि आज तो बच गई आगे पैसे मांगे तो जान से खत्म कर देंगे। महिला ने मामले की रिपोर्ट गोंदन थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने विवेचना के बाद चार्जशीट न्यायालय भांडेर के समक्ष प्रस्तुत की। विचारण के दौरान न्यायालय भांडेर ने पैरवीकर्ता एडीपीओ चंदवारिया द्वारा प्रस्तुत किए गए साक्ष्य व तर्कों से सहमत होकर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रुचि गोलस सगर ने आरोपी घनाराम पुत्र रघुवरी, वीरेंद्र सिंह पुत्र घनाराम कुशवाहा और अशोक पुत्र घनाराम कुशवाहा को एक-एक साल के सश्रम कारावास व पांच-पांच सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

### सीमा सुरक्षा बल द्वारा 'योग अमृत महोत्सव' का किया आयोजन

**ग्वालियर।**सीमा सुरक्षा बल अकादमी टेकनपुर में योग अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। केन्द्रीय मोटर गाड़ी प्रशिक्षण स्कूल टेकनपुर द्वारा झाँसी के एतिहासिक किले पर योग अभ्यास सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों, अधिनस्थ अधिकारियों व अन्य कार्मिकों एवं अनेक स्कूली छात्रों व स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।देश के सीमा प्रहरी द्वारा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए आम जनमानस को स्वास्थ के प्रति जागरूक करने की यह अनूठी पहल है । सीमा रक्षकों द्वारा स्वयं को फिट रखते हुए स्थानीय नागरिकों को भी फिटनेस का मंत्र योग अभ्यास के माध्यम से झाँसी के किले से दिया गया ।

### गृह मंत्री ने लोगों से वन टू वन चर्चा कर सुनी समस्याएं

**दतिया।** मध्यप्रदेश के गृह, जेल, संसदीय कार्य एवं विधि विधायी कार्य विभाग के मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने राजघाट कालौनी निवास पर आज जिले के विभिन्न अंचलों से आए लोगों से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनते हुए संबधितो को निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने दतिया निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से भी वन-टू-वन चर्चा कर उनकी समस्याओं को भी सुना।

### प्रभारी मंत्री श्री सिलावट आज ग्वालियर आयेंगे लाड़ली लक्ष्मी उत्सव में होंगे शामिल

**ग्वालियर।** जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट 8 मई को ग्वालियर प्रवास पर आयेंगे। श्री सिलावट इस दिन दोपहर लगभग 12.15 बजे वायुमार्ग द्वारा यहाँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पहुँचेंगे। इसके बाद व्हीआईपी सर्किट हाउस मुरार जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिलावट सायंकाल 6.30 बजे बाल भवन पहुँचकर जिला स्तरीय लाड़ली उत्सव कार्यक्रम में शामिल होंगे।


# जैविक खेती को लोगों तक पहुंचाने पर दिया जोर



**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल के साथ नगर निगम द्वारा संचालित लालटिपारा गोशाला के संचालन की जिम्मेदारी संभाल रहे ऋषभानंद महाराज की बैठक हुई। बैठक में जैविक खेती को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही राज्यपाल को नगर निगम की लालटिपारा गोशाला में आने का निमंत्रण भी दिया गया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। बैठक में ऋषभानंद महाराज ने कहाकि वर्तमान परिवेश में रसायनिक खेती के दुष्परिणाम सभी के सामने हैं। साथ ही इस रसायनिक खेती के कारण गायों पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। पहले गाय को लोग खाद एवं गोबर के लिए पालते थे लेकिन आज लोग गाय को भूख से मरने के लिए छोड़ रहे हैं। इसके साथ ही रसायनिक खादों के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जिसका सीधा बोझ भारत की अर्थव्यवस्था पर भी हो रहा है। इसलिए संतों एवं साधुओं के साथ मिलकर शासन-प्रशासन को जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास करने चाहिए। साथ ही उचित देशी खाद्य प्रसंस्करण नीति बनानी चाहिए। जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिल सके। स्वस्थ अन्न से, संतों के वचन से और देशी गौमाता के पंचगव्य से मस्तिष्क एवं शरीर व्यवस्थित होता है, स्वस्थ्य मस्तिष्क एवं शरीर से ही स्वस्थ्य समाज का निर्माण किया जा सकता है। राज्यपाल मंगूभाई छगनभाई पटेल ने कहा की वह जैविक खेती मुहिम जो शासन ने शुरू की है उसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

### किोविड में बंद हुई सभी सेवाएं शुरू करे रेलवे

कोरोना के दो साल खराब गुजरे। अब जब हालात सामान्य हुए तो दो साल बाद झांसी में उत्तर मंध्य रेल के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार के साथ शुक्रवार को सांसदों की बैठक हुई। बैठक में ग्वालियर सांसद विवेक शेजवलकर के प्रतिनिधि बसंत अग्रवाल इस बैठक में शामिल हुए। प्रतिनिधि बसंत अग्रवाल ने बैठक में महाप्रबंधक के समक्ष कोरोना में बंद हुई सभी सुविधाओं को चालू करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक को जो सुविधा पहले मिलती थी वह शुरू की जाए। इसके साथ ही गरीब यात्री के लिए सभी ट्रेनों में सामान्य टिकट की सुविधा भी शुरू हो, साथ कोविड नियमों का कड़ाई से पालन भी कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने उन्होंने हरिद्वार एलटीटी एक्सप्रेस के ग्वालियर ठहराव की मांग भी रखी।



### ग्वालियर में 10 लाख रुपए की स्मैक लगानी थी ठिकाने, केस दर्ज

**ग्वालियर।** ग्वालियर में स्मैक की खेप लेकर आए एक देवर-भाभी तस्कर की जोड़ी को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बड़ागांव के पास से पकड़ा है। पुलिस को तस्करों की तलाशी में उनके पास से 100 ग्राम स्मैक मिली है। बरामद की गई स्मैक की कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए तस्करों के खिलाफ NDPS ACT के तहत मामला दर्ज कर उससे पूछताछ शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक महिला-पुरुष तस्कर स्मैक की खेप लेकर आने वाले हैं। इसका पता चलते ही क्राइम ब्रांच व मुरार पुलिस को तस्करों को पकड़ने का टॉस्क दिया गया। जिस पर थाना प्रभारी क्राइम ब्रांच दामोदर गुप्ता व मुरार थाना प्रभारी शैलेंद्र भार्गव बल के साथ बड़ागांव पहुंचे और स्मैक लेकर आ रहे तस्कर महिला पुरुष को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तस्कर की तलाशी ली तो उसके पास से 100 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

# प्रेम विवाह कर कोर्ट पहुंचे तो पुलिस ने दरवाजे से घसीटकर ले जाने का किया प्रयास



**ग्वालियर।** ग्वालियर में हाई कोर्ट परिसर के बाहर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। लव मैरिज कर सुरक्षा मांगने पहुंचे युवक को दो पुलिसवाले मिलने के नाम पर कोर्ट परिसर से बाहर लाए और सड़क पर उसे घसीटकर जबरन गाड़ी में डालकर ले जाने लगे। पर युवक भी सड़क पर फेल गया और संघर्ष करता रहा। इसी समय वहां उसका वकील पहुंच गया और भीड़ लग गई। इस पर युवक पुलिस की पकड़कर से छूटकर वापस हाईकोर्ट परिसर में अंदर भाग गया। हाईकोर्ट से वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देकर प्रेमी जोड़े को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है। पर युवक को सड़क पर पुलिस वालों द्वारा घसीटकर ले जाने और उसके खुद को बचाने का ङ्कद्बष्ठश्वह्र अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### यह है पूरा मामला

ग्वालियर के भितरवार निवासी निशांत भुल्लर ने ग्वालियर के गोला का मंदिर रहने वाली गौरी से प्रेम विवाह किया है। दोनों कुछ दिन पहले घर से भागे और शादी की है। हाई कोर्ट में निशांत व गौरी की याचिका पर शुक्रवार शाम को सुनवाई हुई। दोनों ने बताया कि उन्होंने आगरा स्थित आर्य समाज मंदिर और गोविंदपुरी में 27 अप्रैल को शादी की है और गौरी के भाई कौशलेंद्र सिंह से उन्हें खतरा है। कोर्ट ने दोनों की शादी की वैधता पर कोई टिप्पणी ना करते हुए स्पष्ट किया कि यदि दोनों सुरक्षा प्रदान करने के लिए आवेदन दें तो पुलिस अधीक्षक उस पर नियमानुसार कार्रवाई करें। इस मामले की सुनवाई के बाद युवक कोर्ट परिसर में खड़े होकर बात कर रहा था। तभी शाम के समय दो पुलिसकर्मी निशांत के पास आए और कहा कि साहब उसे बाहर बुला रहे हैं। जैसे ही वह बाहर पहुंचा, वहां मौजूद पुलिसकर्मी उसके साथ झूमाझटकी करने लग गए। इतना ही नहीं उसे जबरन पुलिस के वाहन में डालकर ले जाने का प्रयास किया।

### सड़क पर लेट गया युवक और खुद को छुड़ाकर अंदर भागा

जब पुलिस युवक को पकड़कर अपने वाहन में बैठाकर ले जा रही थी तो वह विरोध कर रहा था। करीब 8 से 10 पुलिस वाले उसे पकड़कर सड़क पर खींच रहे थे। यहां हंगामा देख वहां मौजूद लोगों की भीड़ लग गई। निशांत के वकील अनिल झा भी वहां पहुंच गए। जब उन्होंने विरोध किया तो पुलिस के तेवर कुछ ढीले हुए और इसी बीच निशांत उनकी पकड़कर से छूटकर अंदर कोर्ट परिसर में भाग गया। इसके बाद वरिष्ठ अफसरो को मामले से अवगत कराया गया और प्रेमी जोड़े को उनकी मनचाही सुरक्षित जगह पर पहुंचाया गया।




*स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/* **एम.पी.एच.आई.एन. /31130**
*नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान* **E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478**